


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 170 | ग्वालियर शनिवार 27 जून 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




787 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी मामला में

## सीबीआई ने रतुल पुरी के सात ठिकानों पर छापामारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 787 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में रतुल पुरी और अन्य लोगों के कार्यालय और आवासीय परिसरों समेत सात स्थानों पर शुक्रवार को तलाशी ली। यह मामला उनकी कंपनी मोजर बेयर सोलर लिमिटेड से जुड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी सुबह शुरू की गई और अब भी चल रही है। उन्होंने बताया कि रतुल पुरी के पिता दीपक पुरी के कार्यालय और आवासीय परिसर पर भी तलाशी ली गई। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस कंपनी को दिए कर्ज में



पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को हुए कथित 787 करोड़ रुपये के नुकसान के संबंध में गुरुवार को मामला दर्ज किया था। एजेंसी की तलाशी लेने वाली टीम ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के मद्देनजर एहतियाती कदम के तौर पर निजी सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट का इस्तेमाल किया है। इससे पहेल अप्रैल में भारत ने स्विस अधिकारियों से भारतीय बिजनेसमैन रतुल पुरी, उसके पिता दीपक पुरी और दो विदेशी कंपनियों के बैंक खातों का ब्योरा मांगा था। भारत के आग्रह पर स्विट्जरलैंड के टैक्स अधिकारियों ने इसका सार्वजनिक नोटिस जारी किया था। स्विस सरकार के संघीय गजट में अलग से प्रकाशित नोटिस में रतुल पुरी और दीपक पुरी से 10 दिन के अंदर जवाब मांगा गया था। नोटिस में कहा गया था कि यदि वे भारत की तरफ से मांगी गई प्रशासनिक सहायता के आग्रह के खिलाफ अपील करना चाहते हैं तो अपने अधिकृत प्रतिनिधियों के नाम स्विस टैक्स अधिकारियों को बता दें। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पर बहुचर्चित अगस्तावेस्टलैंड वीवीआईपी हेलिकॉप्टर खरीद से जुड़े 3600 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल होने और संकटग्रस्त आईटी कंपनी मोजरबियर के नाम पर बैंक से 354 करोड़ रुपये का कर्ज लेकर अन्य कामों में इस्तेमाल करने का आरोप है।

अनलॉक 2

अगले हफ्ते गाइडलाइन जारी होने की संभावना

## हवाई यात्रा, स्कूल, मेट्रो पर रहेगा फोकस

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी से बचाव के लिए देश भर में किए गए लॉकडाउन के बाद सरकार द्वारा इसमें छूट देना शुरू की गई है. इसके तहत लॉकडाउन 1.0 में केंद्र सरकार की ओर से गाइडलाइन जारी कर कई रियायतें दी गई थी। अब संभावना जताई जा रहा है कि सरकार अगले हफ्ते अनलॉक 2.0 के तहत गाइडलाइन जारी करते हुए छूट का दायरा और बढ़ा सकती है। इस बार सरकार का फोकस अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के साथ ही स्कूलों और मेट्रो को शुरू करने पर हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार ने अनलॉक 2.0 को लेकर केंद्र ने कंसलटेशन प्रोसेस शुरू कर दी है.। मेट्रो- अनलॉक 2.0 के तहत सरकार मेट्रो को शुरू करने को लेकर रियायत देगी इसकी संभावना कम ही नजर आ रही हैं। दरअसल, सभी बड़े शहरों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है, जबकि दिल्ली में सबसे ज्यादा कोरोना के केस सामने आए हैं। मुंबई में कुछ सुधार दिखा है, लेकिन वहां सबर्ब में नए क्लस्टर सामने आए हैं. दक्षिण में, चेन्नई में कोरोना ग्राफ को कंट्रोल करने के लिए लॉकडाउन किया गया है। बेंगलुरू में भी कुछ क्लस्टर में लॉकडाउन किया है। शिक्षण संस्थान- अनलॉक 2.0 में सरकार शिक्षण संस्थानों को खोलने की छूट दे इसमें भी संशय दिखाई देता है। कर्नाटक को छोड़कर बाकी सभी राज्यों ने अपनी बोर्ड परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। बता दें कि गृह मंत्रालय की अनलॉक 1.0




की गाइडलाइन के अनुसार स्कूल, कॉलेजों को खोलने का निर्णय राज्य सरकारों का होगा. हवाई यात्रा- चुनिंदा इंटरनेशनल रूट्स पर निजी एयरलाइंस के संचालन को अनुमति देने को लेकर सरकार ने कंसलटेशन शुरू कर दिया है। यूएस प्रशासन ने भारत की वंदे भारत मिशन के तहत एयर इंडिया की उड़ान पर आपत्ति जताई थी, लेकिन अमेरिकन एयरलाइंस द्वारा अमेरिका-भारत के हवाई रुट पर उड़ान भरने की अनुमति को नकार दिया है। श्रमिक- केंद्र सरकार अनलॉक 2.0 के दौरान श्रमिकों एवं कामगारों के रोजगार अवसरों को बढ़ाने के लिए नए मापदंडों की घोषणा कर सकती है। राज्य सरकारों से कहा गया है कि वे प्रदेश में लौटे प्रवासी श्रमिकों की स्किल मैपिंग करें। अधिकारियों का कहना है कि अनलॉक 2.0 में कॉटेज इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जाएगा और स्थानीय मजदूरों को रोजगार दिया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट की उड़ान अब 15 जुलाई तक के लिए सस्पेंड

कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच सरकार ने अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट को 15 जुलाई तक के लिए सस्पेंड कर दिया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशक द्वारा जारी एक सर्कुलर में कहा गया है कि भारत से और के लिए निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक यात्री सेवाएं 15 जुलाई तक निलंबित रहेंगी। हालांकि डीजीसीए ने यह साफ कर दिया है कि यह रोक सभी अंतरराष्ट्रीय कार्गो विमानों और डीजीसीए की ओर से अनुमति प्राप्त उड़ानों पर लागू नहीं होगा। हालांकि डीजीसीए द्वारा इंटरनेशनल शेड्यूल फ्लाइट्स को चुनिंदा रूटों पर केस टू केस आधार पर अनुमित दी जा सकती है। बता दें कि सरकार वर्तमान में वंदे भारत मिशन के तीसरे चरण को चला रही है। कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप की वजह से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों ठप हैं, ऐसे में सरकार स्पेशल विमानों का संचालन कर विदेस में फंसे भारतीयों को वापस ला रही है। गत सात मई को वंदे भारत अभियान शुरू किए जाने के बाद से 3.6 लाख से अधिक भारतीय विदेश से वापस आए हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि कुल 5,13,047 भारतीयों ने विदेशों में भारतीय मिशनों के पास स्वदेश वापसी के लिए अपने अनुरोध दर्ज कराए हैं।

'आत्मनिर्भर उप्र रोजगार अभियान' की शुरूआत

## योगी ने आपदा को अवसर में बदला-मोदी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान' की शुरूआत करते हुए शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस तरह आपदा को अवसर में बदला गया, देश के अन्य राज्यों को भी इस योजना से हम सभी ने महसूस की है। श्रम की इसी शक्ति का आधार बना, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान। उन्होंने कहा कि आज इसी ने आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान को प्रेरणा दी यानी केन्द्र की



बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि संकट के समय जो साहस दिखाता है, सूझबूझ दिखाता है, सफलता उसी को मिलती है। आज जब दुनिया में कोरोना का संकट है, उत्तर प्रदेश ने जो साहस और सूझबूझ दिखायी, जिस तरह स्थितियों को संभाला, वह अभूतपूर्व और प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो काफ्रेंसिंग के माध्यम से 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान' का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि योगी के नेतृत्व में जिस तरह आपदा को अवसर में बदला गया, जिस तरह योगी और उनकी टीम जी जान से जुटे हैं, देश के अन्य राज्यों को भी इस योजना से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। हर कोई इससे प्रेरणा पाएगा। मुझे उम्मीद है कि अन्य राज्य भी अपने यहां ऐसी योजनाएं लेकर आएंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रम की ताकत योजना को योगी की सरकार ने गुणात्मक एवं संख्यात्मक दोनों ही तरीकों से विस्तार दे दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर योगी ने और उत्तर प्रदेश के उनके सभी साथियों ने, उत्तर प्रदेश सरकार ने सही से तैयारी नहीं की होती, अगर यूपी में भी अमेरिका की तरह तबाही मची होती तो आज उत्तर प्रदेश में 600 नहीं, 85 हजार लोगों की जान जा सकती थी। उन्होंने कहा कि लेकिन जो मेहनत यूपी की सरकार ने की है, हम कह सकते हैं कि एक प्रकार से अब तक कम से कम 85 हजार लोगों का जीवन बचाने में वो कामयाब हुए हैं। आज अगर हम अपने नागरिकों का जीवन बचा पा रहे हैं तो ये भी अपने आप में एक संतोष का विषय है और देश का आत्मविश्वास भी उसके कारण बढता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 24 करोड नागरिकों ने जो काम किया है, वो पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है।

## जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता, 3 आतंकी मार गिराए

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के त्राल में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है और संयुक्त ऑपरेशन में तीन आतंकियों को ढेर कर दिया है। गुरुवार शाम त्राल के पास चेवा गांव में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिलने पर 42 राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने इलाके की घेराबंदी कर ऑपरेशन शुरू किया और आज तीन आतंकियों को मार गिराया। बग्रेडियर विजय महादेवन ने बताया, कल (गुरुवार) शाम हमें जम्मू-कश्मीर पुलिस से त्राल के पास चेवा गांव में अज्ञात आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। इसके बाद 42 राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने इलाके की घेराबंदी की। आतंकियों ने हमारे सैनिकों पर फायरिंग की और घर में छुपने की कोशिश की। उन्होंने आगे बताया, हमने आतंकवादियों को सरेंडर करने को कहा, लेकिन उन्होंने सरेंडर करने से मना कर दिया और हमारे सैनिकों पर फायरिंग करने लगे। आज (शुक्रवार) सुबह जब आतंकवादियों ने दोबारा भागने की कोशिश की, तब हमारे सैनिकों ने उन्हें मार गिराया अनंतनाग के बिजबेहाड़ा के जीरपोरा हाईवे पर सुरक्षाबलों के गश्ती दल पर शुक्रवार को कुछ आतंकवादियों ने हमला बोल दिया। इस हमले में एक सीआरपीएफ जवान के घायल, जबकि एक के शहीद होने की सूचना है।



## मैं इंदिरा गांधी की पोती हूँ, भाजपा की अघोषित प्रवक्ता नहीं: प्रियंका गांधी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कानपुर शेल्टर होम केस मामले में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कहा कि वह इंदिरा गांधी की पोती हैं, कोई अघोषित भाजपा प्रवक्ता नहीं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने ट्विटर पर लिखा कि जनता के एक सेवक के रूप में मेरा कर्तव्य यूपी की जनता के प्रति है। मेरा कर्तव्य सच्चाई को उनके सामने रखने का है। किसी सरकारी प्रॉपेगेंडा को आगे रखना नहीं है। यूपी सरकार अपने अन्य विभागों द्वारा मुझे फिजूल की धमकियां देकर अपना समय व्यर्थ कर रही है। उन्होंने लिखा कि जो भी कार्यवाही करना चाहते हैं, बेशक करें। मैं सच्चाई सामने रखती रहूंगी। मैं इंदिरा गांधी की पोती हूं, कुछ विपक्ष के नेताओं की तरह भाजपा की अघोषित प्रवक्ता नहीं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के कानपुर में राजकीय बालिका संरक्षण गृह में 7 लड़कियों के प्रेग्नेंट होने के मामले में सियासी हमलों के बीच प्रयागराज में अधिवक्ता डॉक्टर फारुख खान ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखा है। पत्र में चीफ जस्टिस से मामले का स्वत संज्ञान लेकर कड़े कदम उठाने की मांग की गई है। अधिवक्ता ने इसे गंभीर अपराध बताते हुए दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि कानपुर सेंटर होम की सभी नाबालिग लड़कियां कोरोना संक्रमित मिली हैं। एक लड़की एचआईवी और एक लड़की हेपिटाइटिस सी से संक्रमित है। पत्र में लड़कियों के साथ हुए अन्याय को जुवेनाइल जस्टिस के खिलाफ बताया गया है। पत्र में अधिवक्ता ने शेल्टर होम की व्यवस्थाओं पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं।



## मुंबई ब्लास्ट के दोषी की जेल में मौत

**नासिक।** अंडरवर्ल्ड डॉन टाइगर मेमन के भाई यूसुफ मेमन (57) की नासिक सेंट्रल जेल में शुक्रवार को मौत हो गई है। यूसुफ 1993 मुंबई बम ब्लास्ट केस में उम्रकैद की सजा काट रहा था। जेल प्रशासन हार्ट अटैक को मौत की वजह मान रहा है, लेकिन यह पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। नासिक के पुलिस आयुक्त विश्वास नांग्रे पाटिल ने बताया कि मेमन ने शुक्रवार सुबह सीने में दर्द और सांस लेने में दिक्कत की शिकायत की थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां करीब पौने ग्यारह बजे उसकी मौत हो गई। टाइगर मेमन के भाई यूसुफ मेमन और ईसा मेमन ने 1993 सीरियल ब्लास्ट की साजिश रचने के लिए अपने फ्लैट दिए थे। ईसा अभी ब्रेन ट्यूमर से जूझ रहा है और मेडिकल हिस्ट्री के आधार पर उसे 13 साल की सजा के बाद 2008 में जेल से जमानत पर रिहा किया गया था।



केन्द्रीय कर्मचारियों को मिली भारी राहत

## अब टीए क्लेम लेने के लिए बोर्डिंग पास जमा करना जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपने अधिकारियो एवं कर्मचारियों को भारी राहत दी है। दफ्तर के काम से होने वाले टूर और एलटीए की रकम क्लेम करते वक्त अब उनको हवाई जहाज का बोर्डिंग पास देना अनिवार्य नहीं रहा। पहले इस तरह के किसी भी क्लेम के लिए बोर्डिंग पास, जिसमें सिक्योरिटी चेक का स्टांप लगा हो, अकाउंट आफिस में जमा करना होता था। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने एक आदेश निकाल कर यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी टूर या फिर एलटीए के क्लेम के क्रम में आवेदन के साथ फिजिकल फार्म



में बोर्डिंग पास लगाना जरूरी नहीं है। अब कर्मचारी सिर्फ एक सेल्फ डिक्लरेशन सर्टिफिकेट लगा देंगे कि उन्होंने यह यात्रा की है और फार्म में जरूरी जानकारी भर देंगे। बस इसी से काम चल जाएगा। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी (अंडर सेक्रेटरी से नीचे) बोर्डिंग पास नहीं दे पाता है तो इस प्रोफार्मा को भर कर अपने कंट्रोलिंग आफिसर से साइन करा कर जमा करेंगे। अभी तक क्लेम के लिए बोर्डिंग पास जमा करना इसलिए अनिवार्य किया गया था ताकि कोई बिना यात्रा किये क्लेम नहीं ले। कुछ लोग कह रहे हैं कि ऐसा करने से फर्जीवाड़े को बढ़ावा मिलेगा। इस पर वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है कि इससे फर्जीवाड़े को बढ़ावा नहीं मिलेगा। इस समय तकनीक इतना उन्नत हो गया है कि किसी पीएनआर को वेरीफाई करना बेहद आसान हो गया है। इससे यह पता चल जाएगा फलाने पीएनआर वाले व्यक्ति ने यात्रा की है या नहीं की है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश

दिनारा थाना प्रभारी ने ली ढावा संचालकों की बैठक

# 48 घंटे के अंदर सभी ढ़ावा संचालक लगाए सीसीटीव्ही कैमेरा : थाना प्रभारी राजावत

**शिवपुरी दिनारा।** दिनारा थाना अंतर्गत हाइबे किनारे स्थित सभी ढावा संचालक अपने अपने ढ़ावो पर सीसीटीव्ही कैमेरा जरूर लगवाए उपरोक्त निर्देश दिनारा थाना प्रभारी रिपुदमन सिंह राजावत ने दिनारा थाना परिसर में आयोजित ढावा संचालको की बैठक में दिए । रिपुदमन ने कहा कि आज के युग मे सुरक्षा को गंभीरता से लेने की अति आवश्यकता है जिससे सीसीटीव्ही कैमरों की उपयोगिता को अनदेखा नही किया जा सकता है । अप्रत्यक्ष रूप से ही सही,परंतु इन कैमरों ने हमारे जीवन को आसान तथा सुरक्षित बनाया है । कैमरे सिर्फ अपराधियों को पकड़ने के ही काम नही आते हैं,बल्कि कैमरों की उपस्थिति मात्र से ही



अपराधी अपराध को अंजाम देने से पहले कई वार जरूर सोचेगा । आगे उन्होंने सभी ढावा संचालकों को निर्देश दिए कि ढावा पर कार्यरत सभी कर्मचारियों के आईडी और फोटो ढावा रजिस्टर में लगाए । हाइवे से गुजरने वाले सभी संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत नजर रखे और समय-समय पर पुलिस को सूचित करें । थाना प्रभारी राजावत ने ढावा संचालको को 48 घंटे के अंदर कैमेरा लगाने के सख्त निर्देश दिए,समय सीमा में कैमेरा नही लगाने पर वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी भी दी । थनरा चौकी प्रभारी विनोद गौतम ने कहा कि कैमरा लगाना हम सबके हित में है । कैमरा देख कर चोरों के हौसले पस्त हो जाते है । इस मौके पर थाना प्रभारी रिपुदमन सिंह राजावत, थनरा चौकी प्रभारी विनोद गौतम एवं ढावा संचालको में रामू यादव,सुनील यादव,अजीत यादव,रविंद्र यादव,अमित यादव,अर्जुन यादव,राहुल यादव,भूरा यादव,विजय पाल आदि मौजूद थे

## ग्राम छिबाउली में हुए निर्दोष लोगों पर मामला दर्ज की जांच को लेकर भी दिया गया ज्ञापन

लहार क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैशपुरा के अंतर्गत ग्राम छिबाउली में हुए गौ शाला निर्माण के चलते बिबाद ने तब राजनीतिक रूप ले लिया जब ग्राम के एक समाज बिशेष के लोगो पर झूंठा मामला कायम करबाया गया और इसी के चलते आज अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष उमाशंकर गुबरेले एवम युवा भाजपा नेता संजीव चौधरी ठेकेदार के नेतृत्व में मामले की उचित जांच हेतु एक ज्ञापन दिया गया मामला की जांच कर दर्ज मामले को खत्म करने की गुजारिस की गई ।

# मानसून की पहली बारिश ने संकट में डाल कर रखा=सरकार

पाली जिले के ग्राम पंचायतसापामैं ग्राम खेतावास में राजकीय विद्यालय की शिक्षिका ने आज बताया कि मानसून की पहली बारिश ने हमें संकट में डाल कर रखा गया जिसमें आगामी समय में बारिश के समय में राजकीय विद्यालय में बच्चों को स्कूल में बैठाने की सबसे भारी समस्या का सामना करना पड़ सकता है जो वर्तमान समय में हल्की बारिश से बूंद बूंद पानी टपकता रहता है जिसकी वजह से हम नियमित रूप से अंदर नहीं बैठ सकते जिसमें हमें बारिश को देख कर हमें स्कूली बच्चों को तुरंत घर भेजना मजबूरी का सबक बन सकता है आज राजकीय विद्यालय की शिक्षिका ने बताया कि राजकीय विद्यालय की छत से प्रतिदिन इसी प्रकार पानी टपकता रहा तो आगामी समय में सबसे भारी समस्या खड़ी होने का आसार लग रहेवर्तमान समय में राजकीय विद्यालय के अंदर हल्की बारिश से संपूर्ण मैदान पानी से भर जाता है जिससे विद्यालय के अंदर प्रवेश करने में भी भारी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा अभी राजस्थान सरकार के आदेश के अनुसार 2 दिन से राजकीय विद्यालय शिक्षकों का आना-जाना शुरू हुआ लेकिन उससे पहले 2 दिन से मानसून की हो रही बारिश जिले की लगभग कई ऐसी स्कूल है जिनकी



झंजर बिल्डिंग पुरानी होने से बूंद बूंद पानी टपकता रहता राजकीय विद्यालय की शिक्षिका ने बताया कि हमने ग्राम पंचायत के सरपंच को इसके बारे में सूचना दे दी लेकिन हमें इसकी और कोई जानकारी नहीं मिली अगर इसी प्रकार राजकीय विद्यालय का अनदेखी का माहौल बना रहा तो आगामी मौसम में बारिश समस्या का सामना करना पड़ सकता राजकीय विद्यालय कि जिला मुख्यालय से दूरी लगभग 8 किलोमीटर दूरी पर राजकीय विद्यालय खेतावास ग्राम में स्थित हैं

## इन्दरगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 35 साल से फरार ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**इन्दरगढ।** अलग अलग क्षेत्रों में चोरी तथा नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने बाला शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में इन्दरगढ़ पुलिस ने बड़ी कामयाबी मिली है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक दतिया अमन सिंह राठौड़ के आदेश पर अति. पुलिस अधीक्षक आर डी प्रजापति के मार्गदर्शन में अपराधियों की धरपकड़ में इन्दरगढ़ थाना पुलिस को 35 साल से फरार चल रहे बदमाश को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। इन्दरगढ़ थाना प्रभारी वाय एस तोमर ने जानकारी देते हुये बताया कि शातिर बदमाश सोरब उर्फ सोहराब खान पुत्र कासिम खां उम्र 55 वर्ष निवासी अंदरबस्ती इन्दरगढ़ शातिर चोर तथा नकबजन है। इसने म. प्र. तथा उत्तर प्रदेश में कई जगह ऐसी वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस थाना पड़ाव ग्वालियर में अप. क्र. 371/84 तथा पुलिस थाना नबाबाद झांसी उ. प्र. में अप. क्र. 363/85 में प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी इन मामलों में 35 सालों से फरार है जिस पर दतिया पुलिस अधीक्षक महोदय ने 10-10 हजार का ईनाम घोषित किया है। आरोपी बदमाश का कोई भी परिजन इन्दरगढ़ में निवास नही करता इसलिये इसकी पतारसी की जा रही थी। आरोपी बदमाश सोरब उर्फ सोहराब खान अपना नाम बदल कर शिवपुरी में रह रहा था। जिसको कल दोपहर नीलघर चौराह पुलिस थाना सिविल लाईन शिवपुरी से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी वाय एस तोमर, एएसआई शियाराम गौड़, आर. 305 संतोय कुशवाह, आर. 640 बृजराज सिंह तोमर सम्मिलित रहे।

# जलभराव की स्थिति में आपसी विवाद का माहौल बना=जल भराव संकट

पाली जिले के ग्राम पंचायतबोमाडडा के राजस्व ग्राम बालेलाव मैं मानसून की पहली बारिश ने आपसी विवाद का माहौल बना दिया जिसमें पानी के जलभराव के कारण संपूर्ण रोड की स्थिति नाजुक बनी हुई वर्तमान समय में इस रोड पर बेजुबान पशु भी अपना सफर तय नहीं कर पाते आज इस रोड पर सैकड़ों बहन बेटियों और वृद्ध महिलाओं के लिए सबसे भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहाग्रामीणों के अनुसार उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारी ग्राम पंचायत को कई बार इस रोड के बारे में अवगत कराया लेकिन आज दिन तक इस रोड की समस्या का समाधान किसी ने नहीं किया रोड की स्थिति सबसे नाजुक होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी का माहौल



बना हुआ जिससे भारी जलभराव कि संकट की स्थिति से प्रतिदिन लड़ाई झगड़े और आपसी मनमुटाव की भावना पैदा हो रही रोड पर गंदे पानी के भराव के कारण गंदे पानी में लाखों मच्छर प्रतिदिन जन्म लेते और हमें खतरनाक महामारी से भी ज्यादा हमें कोई और वायरस का डर हमेशा बना हुआ लेकिन हमारी ग्राम पंचायत को हमने कई बार अवगत कराया लेकिन आज दिन तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने आज दिन तक इस रोड की जन समस्या का समाधान नहीं किया यह गांव जिला मुख्यालय से मात्र 6 किलोमीटर दूरी पर स्थित गांव बसा हुआलेकिन गांव में जनप्रतिनिधियों का द्वारा चुनावी दौर में सबसे तेज इस रोड का मुद्दा सबसे मुख्य मुद्दा होता हमें आखिरकार अभी हमें इस रोड का इंतजार है कि हमारा रोड बने हमारी मूल रूप से सबसे भारी समस्या वर्तमान समय में जलभराव के कारण रोड की समस्या सबसे भारी आज ग्रामीणों ने पत्रकारों को बताया कि हमें प्रतिदिन इस रोड का सफर करना सबसे मुश्किल दौर रहता है

## दहेज के लिए की दोनों लड़कियों की मारपीट ससुरालियों ने पिटाई

खेरागढ़ ग्राम उटिगिर में मुकेश निवासी भदेरुआ जिला मथुरा मुकेश की छोटी बहनों की शादी थी वह अपनी बड़ी बहनो को लेने आया तो उसके ही दोनो जीजा लोकेश ,विकेश और माँ ने उसकी पिटाई की और उसी के सामने उसकी बड़ी बहन काजल को दहेज के लिए बड़ी बेहरमी से पिटायी की जिसके हाथो पर काफी चोटे आयी लड़कियों से



कहते हैं कि अपाचे गाड़ी लार,अंगूठी और अन्य सामान की करते हैं मांग जब उनका भाई लेने आया तो भेजने से किया इनकार लड़कियों ने कहा कि हमारी बहेनो की साड़ी है इसी बात के पीछे काजल ब पिस्ता को बड़ी भेरेमि से दोनो की पीटायी की प्राथी काजल,व मुकेश ने थाना खेरागढ़ में रिपोट दर्ज कराई है पुलिसः ने काजल का मोके पर रिपोट लिख कर डाक्टरी माना कराया है और केश दर्ज कर लिया है



## सवर्ण समाज ने लहार एस.डी.एम एबम एस.डी.ओ.पी को सौंपा ज्ञापन

**लहार, अर्पित गुप्ता**

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष उमाशंकर गुबरेले के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

मुरैना जिले के सबलगढ़ में पदस्थ नायब तहसीलदार नरेश शर्मा द्वारा हाईकोर्ट के आदेशानुसार सोसल मीडिया पर डाला गया कि आरक्षण कोई मौलिक अधिकार नही है जिसके चलते भीम आर्मी के समाज विरोधी कार्यकर्ताओ द्वारा एक आबेदन मे उनपर कार्यबाही के लिए कहा गया और अगर कार्यबाही नही हुई तो आंदोलन की धमकी तक दे डाली जिसके चलते सवर्ण समाज सामने आया और नायब तहसीलदार नरेश शर्मा का पक्ष रखा और प्रदेश स्तर पर ज्ञापन देने की प्रक्रिया शुरू हुई जिसके चलते अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष उमाशंकर गुबरेले के नेतृत्व में भीम आर्मी के पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए लहार एस.डी.एम आर.ए प्रजापति एबम एस.डी.ओ.पी दिनेश सिंह बैश्य को ज्ञापन दिया गया जिसमें कहा गया कि अगर नायब तहसीलदार महोदय पर कोई कार्यवाही की जाती है तो सवर्ण समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा और साथ ही भीम आर्मी के पदाधिकारियों पर समाज विरोधी गतिविधियों के तहत मामला दर्ज करने की बात कही गयी इस मौके पर ज्ञापन देने बालों में संजीव चौधरी ठेकेदार,उत्तम चौधरी कक्का,मणिग्रीव दीक्षित,संजीव चौधरी पत्रकार,बिबेक दुबे पत्रकार, मोनू उपाध्याय पत्रकार, राम भैया ,वरुण शुक्ला एडवोकेट,अमित दुबे,अनिल शर्मा,अतुल शर्मा आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

## शास्त्री व भाषा अध्यापकों के वनवास को भी समाप्त करे प्रदेश सरकार - डॉ मनोज शैल

**अभिषेक मिश्रा, हिमाचल प्रदेश**

प्रदेश सरकार द्वारा पीटीए पैरा एवं पैट शिक्षकों को नियमित करने पर हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद् ने प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज तथा सभी कैबिनेट मंत्रियों व शिक्षा विभाग का आभार प्रकट किया है। परिषद् के प्रदेशाध्यक्ष डॉ मनोज शैल, महासचिव अमित शर्मा कोषाध्यक्ष सोहनलाल, उपाध्यक्ष जंगछुब नेगी, अमरसेन, परमदेव, तेजस्वी शर्मा, संरक्षक डॉ अरुण शर्मा, डॉ दुनीचंद शर्मा, संगठन मंत्री योगेश अत्रि , प्रवक्ता शांता कुमार, बिलासपुर के प्रधान राजेंद्र शर्मा, हमीरपुर के सुनील धीमान, ऊना के बलबीर चंद, शिमला के दिग्विजयेंद्र कालिया, सिरमौर के रामपाल तथा किन्नौर के प्रधान वांगछेन नेगी ने संयुक्त विज्ञप्ति में कहा कि पीटीए पैरा एवं पैट शिक्षक काफी अरसे से नियमित होने के वनवास को झेल रहे थे । प्रदेश सरकार ने इनके वनवास को समाप्त किया है । इसके लिए प्रदेश सरकार व सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। संस्कृत शिक्षक परिषद् के प्रदेशाध्यक्ष डॉ मनोज शैल ने कहा कि प्रदेश में सेवारत शास्त्री अध्यापक व भाषा अध्यापक भी अनेक वर्षों से टीजीटी पदनाम पाने के लिए वनवास काट रहे हैं। गत वर्ष माननीय मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री जी ने टीजीटी पदनाम देने का आश्वासन दिया था तथा माननीय शिक्षा मंत्री जी ने अपने सोशल मीडिया के फेसबुक पेज के माध्यम से घोषणा भी कर दी थी । लेकिन अभी तक हमारा यह स्वप्न पूरा नहीं हुआ है ।

## ओरछा थाना प्रभारी ने हत्या के आरोपियों को पकड़ा

**छतरपुर।** नवागत एसपी सचिन शर्मा के निर्देश पर ओरछा थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने हत्या के मामले में चार आरोपियों को किया गिरफ्तार जबकि एक आरोपी फरार बताया जा रहा है।पदभार संभालते ही छतरपुर एसपी सचिन शर्मा ने दिखाए सख्त तेवर पुलिस ने आरोपियों गुंडों, बदमाशो की धरपकड़ की शुरू।नवागत एसपी सचिन शर्मा के निर्देशन में ओरछा रोड थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने ग्राम देरी में हुई प्रेम सिंह की हत्या के मामले में शामिल चार आरोपियों को किया गिरफ्तार एक आरोपी अभी भी फरार है।

## योगशाला साहित्य संगम संस्थान पर योगाभ्यास सम्पन्न

दिल्ली। साहित्य संगम संस्थान दिल्ली के योगशाला मंच पर अन्ताराष्ट्रीय योग दिवस के पावन सान्निध्य में योगाभ्यास कराया गया।ज्ञातव्य हो कि योगशाला की योगगुरु जूली अग्रवाल की उपस्थिति में यह कार्यक्रम किया गया। उन्होंने बातचीत के दौरान बताया गया कि इस पटल पर लगातार तीन वर्षों से योग करवा रही हैं, योगशाला पदस्थ योगगुरु की मानें तो इनकी ख्याति इस मंच पर ही नहीं देश से विदेश तक तकनीकी माध्यम से योगाभ्यास कराती है। ज्ञातव्य हो की योग दिवस के दिन योगशाला पर कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें राष्टीय अध्यक्ष राजवीर मंत्र जी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ उन्होंने कहा कि इस योगशाला को और बेहतर ढंग से बनाने की जल्द ही योजना बना कर गूगल मीट आदि ऐप



के सहारे हम कार्यक्रम को सफल बना सकते हैं। कार्यक्रम पर योगशाला में उपस्थित मनीषियों ने जमकर योगाभ्यास किये,जिसमें संगीता जैन,कशिश अग्रवाल,निशा अतुल्य,आदि उपस्थित रहीं।ज्ञातव्य हो कि इस योगशाला द्वारा रविवार के दिन दैनिक सृजन करवाया जाता है। जिसे संकलित कर योग संगम रविवारीय ई पत्रिका प्रकाशित की जाती है। जिसके संपादक नवीन कुमार भट्ट नीर, संचालिका इन्दु शर्मा शचि, संरक्षक राजवीर सिंह मंत्र,व योगगुरु जूली अग्रवाल जी का विशेष सहयोग रहता है। इस पत्रिका में चयनित सभी मनीषियों रचनाकारों का आभार व्यक्त किया।

**(अर्पित गुप्ता)**

## कट्टा अड़ा कर के केयोस्क संचालक से 5 लाख लूट ले गए तीन बदमाश

**शिवपुरी।** भौंती थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम बैंक से नगद रुपए निकालकर दोस्त के संग जा रहा था बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाश कट्टा अडाकर किओस्क सेंटर संचालक से 5 लाख नगद लूट कर भाग गए कियोस्क संचालक अपने दोस्त के संग सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा खोड से नगद रुपए निकालकर दोस्त के संग बाइक से लौट रहा था तभी करीबन 4=30 बजे बदमाशों ने नंदपुर गांव के पास मोड़ पर रोक कर नगद सहित दो मोबाइल लूट ले गए जानकारी के अनुसार रामकुमार लोधी पुत्र लक्ष्मण सिंह लोधी निवासी नयागांव कियोस्क सेंटर संचालक। इन दिनों रोजगार गारंटी योजना के तहत गांव गांव मनरेगा के तहत काम चल रहे हैं। इसके चलते उसे मजदूरी का भुगतान करना था। वह पैसे निकालने बैंक ऑफ इंडिया शाखा खोड में गया था। जब वह 5 लाख रुपये निकालकर वापस अपने गांव आ रहा था, तभी नंदपुर तिराहा और धाय महादेव के तिराहे पर तीन बदमाश बाइक से आए और उसकी बाइक के सामने अपनी बाइक लगा दी, जिससे रामकुमार ने अपनी बाइक रोक दी और बदमाशों ने रामकुमार और उसके साथी पर कट्टा अड़ा दिया और 5 लाख रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना की जानकारी लगते ही भौंती थाना प्रभारी सुधीर कुशवाह मौके पर पहुंचे और पड़ताल शुरू की। टीआई कुशवाह ने बताया कि रामकुमार से हथियारबंद बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया पुलिस अब बदमाशों की तलाश कर रही है।

# बरमाणा में डीजल की बढ़ी हुई कीमतों को लेकर आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर फैडरेशन ने किया जोरदार विरोध

**अभिषेक मिश्रा , हिमाचल प्रदेश**

आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर फैडरेशन के राज्य अध्यक्ष व पूर्व में रहे बीडीटीएस के प्रधान लेखराम वर्मा ने शुक्रवार को बरमाणा में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र व हिमाचल राज्य सरकार का डीजल व पेट्रोल की बढाई गई कीमतों को लेकर विरोध किया। इस वार्ता के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से मांग की कि बढ़ी हुई कीमतों के निर्णय को रोल बैक किया जाए। ताकि ट्रांसपोर्ट जगत से जुड़े लोग इससे प्रभावित न हो। कहा डीजल की कीमतें पैट्रोल की कीमत से भी ज्यादा हो गई है जो चिंता का विषय है। इस इससे ट्रांसपोर्ट से जुड़े ऑपरेटरों की अर्थव्यवस्था डगमगा जाएगी। आमजन के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी भारी इजाफा हो गया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि कीमतें अंतराष्ट्रीय बाज़ार में कम और देश में पिछले दो हफ्तों से बढ़ रही है। बरमाणा में भी शुक्रवार को को डीजल की बढ़ी हुई कीमतों को लेकर अन्य राज्यों की भांति ट्रांसपोटरों ने आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर फैडरेशन



के राज्य अध्यक्ष के अगुवाई में जोरदार विरोध किया। इस अवसर पर बरमाणा औसती यूनियन के प्रधान रतन लाल ठाकुर ने भी कहा कि एक तरफ देश में कोविड -19 महामारी की आपदा है जिससे आम लोगों की अर्थव्यवस्था बिगड़ी है तो ऐसे समय में सरकार को ऐसा नही करना चाहिए था। वर्मा ने जिला प्रशासन को जताया कि इस दौरान सभी उपस्थित ट्रक ऑपरेटरों ने कहा कि लॉक डाउन के दौरान लॉ एंड आर्डर को बनाए रखने के लिए हम सभी पूर्ण रूप से उत्तरदायी है। इसमें प्रबंधन समितियों को भी इन योद्धाओं का ख्याल रखना चाहिए ।उन्होंने मौजूदा प्रबंधन समिति पर ऐसे समय में घर में बैठने का आरोप लगाया। कहा जबकि इन लोगों को इस आपदा के दौरान ट्रांसपोर्ट से जुड़े ऑपरेटर ,चालक व परिचालक की सुरक्षा ,स्वास्थ्य व रोजी रोटी का ध्यान रखना चाहिए था। इस अवस्था में इन प्रबंधन समितियों ने घर में छुप कर अपनी नाकामियों का परिचय दिया है। क्योंकि ट्रांसपोर्ट से जुड़े चालक व परिचालक हमारी अर्थव्यवस्था की रीड की हड्डी है। क्या इस दौरान इनका ख्याल रखा जा रहा है ? प्रशासन से मांग की कि प्रबंधन समितियों से गाईड लाइन की अनुपालना करवाई जाए। कहा कि होम अफेयर गाईड लाइन 21 के तहत वाहन लुक आफ्टर की पालना नहीं हो रही है। सरकार से मांग की कि चालक और परिचालक के खाने की क्या व्यवस्था , ठहरने की व्यवस्था माल की ढुलाई के दौरान रास्ते में उचित ठहराव ,विश्राम व्यवस्था , गाड़ी का सनेटाइज होना ,चालकों को ग्लबज ,उनकी सुरक्षा स्वास्थ्य को लेकर कपम्लेंट वैन्यू कहां है, इन सभी बातों को प्रबंधन समितियां इनकी पालना करें। फेडरेशन सरकार व प्रबंधन समितियों से मांग करती है कि ऑपरेटरों ने लगातार कई वर्षों से अपनी मेहनत से ट्रांसपोर्ट संस्था को सींचा है और आज इस मुश्किल की घडी पर ऑपरेटर ,चालक व परिचालक सभी के एकाउंट्स में 10 हजार रूपए जमा करवाकर पुण्य का काम कर सहायता करें। वर्मा ने कहा कि ऑपरेटरों का टीडीएस रुका हुआ है संस्था इस वक्त इसे दिलवाने में कोशिश करे। इस राशि के मिल जाने से जहां ऑपरेटरों का रुका हुआ धन इक्कठा मिलेगा वहीं मौजूदा कोरोना महामारी के चलते ऑपरेटरों को राहत भी मिलेगी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि ऑपरेटरों ने अपनी रोजी रोटी चलाने के लिए ऋण लिया है उसमे कोविड के खत्म होने तक ब्याज मुक्त होना चाहिए। इसके अलावा ऑपरेटरों के हितों का ख्याल रखते हुए सरकार से फरियाद की कि इस आपदा की अवधि तक गाड़ियों की इन्शुरेन्स ,पासिंग ,लोन की किस्ते माफ़ की जाए। उन्होंने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से मांग की कि इनकी जिम्मेदारियाँ सुनिश्चित की जाए।

# अतिवृष्टि से निपटने के लिये हर जिले में किये जाये माकूल इंतजाम

## वर्षा जनित बीमारियों से बचाव एवं उपचार की करें व्यवस्थाएँ, कोविड के कारण विशेष सावधानी एवं सतर्कता रखी जाये

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के हर जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने के लिये हर आवश्यक इंतजाम तुरंत कर लिये जायें। जिला आपदा प्रबंधन समितियों की बैठकें आयोजित कर जिलावार पुख्ता आपदा प्रबंधन योजना बना ली जाये। वर्षा जनित बीमारियों से बचाव एवं इलाज की सारी व्यवस्थाएँ कर ली जायें। वर्तमान समय में कोविड का संकट होने के कारण विशेष सावधानी एवं सतर्कता रखे जाने की आवश्यता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिलों में आपदा संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हांकित कर वहाँ सभी सुरक्षात्मक उपाय कर लिये जायें। जिले के बड़े बाँधों का सुदृढीकरण सुनिश्चित किया जाये। बाढ़ उन्मुख क्षेत्रों में स्थित जलाशयों एवं जल निकास नालियों की सफाई, तालाबों, नालों, बाँधों का निरीक्षण कर बाढ़ के पानी के निकास की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये। बाढ़ से बचाव के लिये आवश्यक सामग्री एवं उपकरण जैसे मोटर बोट, लाईफ




जैकेट, रस्सियों आदि की व्यवस्था हो। गोताखोरों का इंतजाम कर लिया जाये। खोज एवं बचाव दलों का प्रशिक्षण पूर्ण करायें। प्रत्येक जिले में बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष गठित किया जाये, जो कि 24 घंटे कार्यरत रहे तथा वहाँ बाढ़ से बचाव एवं राहत संबंधी पूरी जानकारी हो एवं सहायता के लिये कॉल आने पर तुरंत दल रवाना किया जाये। बाढ़ उन्मुख क्षेत्रों में राहत शिविरों के लिये स्थान चिन्हित कर लिये जायें तथा वहाँ बाढ़ राहत की सारी व्यवस्थाएँ हो। यदि कोई कॉरेन्टाइन शिविर बाढ़ संभावित क्षेत्र में हो, तो सुरक्षित स्थानों में शिफ्ट करें। ऐसे क्षेत्रों में राहत शिविरों को लगाते समय शारीरिक दूरी एवं कोविड की दृष्टि से सभी आवश्यक सावधानियाँ रखी जायें। वर्षा जनित बीमारियों जैसे हैजा, मलेरिया, डायरिया, डेंगू आदि से बचाव एवं उपचार के सारे इंतजाम कर लिये जायें। निरंतर साफ-सफाई एवं संक्रमण न हो, ऐसा वातावरण बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाये।

# आगॅनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका की संवेदनशीलता ने किया बादशाह को पूर्णत- स्वस्थ

**भोपाल।** कोरोना संकट के दौरान आगॅनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की संवेदनशीलता और सतत निगरानी ने कुपोषित बादशाह को पूर्णत- स्वस्थ कर दिया है। शिवपुरी जिले के सिद्देश्वर टेकरी पर रहने वाले रमेश बाथम और रूक्मणी के चार माह का बेटा बादशाह जन्म के समय से ही कुपोषित था। आगॅनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती वंदना भार्गव बताती है कि धात्री रूक्मणी को प्रतिमाह पोषण आहार दिया जाता था। इसके बावजूद बच्चे की स्थिति अत्यंत खराब रहती थी। आशा कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक और कार्यकर्ता



ने बादशाह के माता-पिता को उसके इलाज की समझाईश दी, लेकिन वे तैयार नहीं होते थे। बच्चे के वजन कराने में भी बड़ी मुश्किल से सहमत होते थे। अप्रैल माह में बादशाह को एन.आर.सी. में भर्ती कराया गया लेकिन उसकी माँ जबरदस्ती बच्चे को घर ले आई। बच्चें को समूचित उपचारित करने के लिये स्वास्थ्य अधिकारी और स्थानीय पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद बादशाह को एस.एन.सी.यू. में भर्ती कराया गया। जहां 24 घंटे बच्चे को चिकित्सीय देख-रेख में रखा गया। कोविड-19 के दौरान आगॅनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक निरंतर चिकित्सालय जाकर देख-रेख करती और बच्चे एवं माँ को उनकी आवश्यकतानुसार जरूरी वस्तुएं निरंतर उपलब्ध कराती रही। श्रीमती भार्गव बताती है कि चिकित्सालय में भर्ती करते समय पाँच माह के बादशाह का वजन मात्र 2.1 कि.ग्रा. था। आज उसका वजन 3.8 कि.ग्रा. हो गया है। अब नन्हा बादशाह कुपोषित बच्चे की श्रेणी से बाहर आ गया है।

# 50 एकड़ भूमि पर बनने वाले खेल परिसर के लिए 10 करोड़ रूपयों की मंजूरी



## भिंड, मुरैना, सागर और मंदसौर जिलों में 14 करोड़ की लागत से बनेंगे सात खेल परिसर

**भोपाल।** खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मध्य प्रदेश में खेल अधो-संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में मध्य प्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्वालियर में 50 एकड़ भूमि पर निर्मित होने वाले खेल परिसर के लिए 10 करोड़ तथा भिंड, मुरैना, सागर और मंदसौर जिलों में सात स्थानों पर बनने वाले स्टेडियम/खेल परिसरों के लिए 14 करोड़ रूपयों की मंजूरी प्रदान की गई है। यह मंजूरी प्रमुख सचिव खेल और युवा कल्याण विभाग की अध्यक्षता में पिछले दिनों संपन्न स्थाई वित्त समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रदान की गई है। इस सिलसिले में आदेश जारी कर दिए गए हैं। संचालक खेल और युवा कल्याण व्ही. के. सिंह ने बताया कि ग्वालियर में आई.आई.आई.टी.एम. के सामने कलेक्टर ग्वालियर द्वारा आबंटित 50 एकड़ भूमि पर जिला खेल परिसर निर्माण के लिए 10 करोड़ रूपयों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह प्रदेश के 4 जिलों में सात स्थानों पर बनने वाले खेल परिसर/स्टेडियम के लिए (प्रत्येक के लिए दो करोड़ के मान से) 14 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसके अंतर्गत मेहगांव एवं मिहोना/रौन जिला भिंड, अंबाह एवं पोरसा जिला मुरैना, राहतगढ़ एवं जैसीनगर जिला सागर तथा गरोंठ जिला मंदसौर में स्टेडियम खेल परिसर निर्माण के लिए 14 करोड़ों की मंजूरी प्रदान की गई है। प्रदेश के खिलाड़ियों को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उठाए जा रहे सरकार के इस कदम से प्रदेश में खेल अधोसंरचनाओं के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

# 10 हार्सपावर तक के पंप पर 700 रूपये प्रति हार्सपावर प्रतिवर्ष बिजली बिल

**भोपाल।** प्रदेश के कृषि उपभोक्ताओं को फ्लेट रेट के 10 हार्सपावर तक के पंप पर 700 रूपये प्रति हार्सपावर प्रतिवर्ष की दर से तथा 10 हार्सपावर से अधिक के फ्लेट रेट उपभोक्ताओं को 1400 रूपये प्रति हार्सपावर प्रतिवर्ष की दर से बिजली दी जा रही है। इसके साथ ही एक हेक्टेयर तक कृषि भूमि वाले अनुसूचित जाति/जनजाति उपभोक्ताओं के 5 हार्सपावर तक के कनेक्शन में निःशुल्क विद्युत प्रदाय किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा कोरोना महामारी में प्रभावी लॉकडाउन के



दृष्टिगत विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। प्रदेश के निम्नदाब गैर घरेलू एवं निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं तथा उच्चदाब टैरिफ देयकों में स्थायी प्रभार की वसूली को आस्थगित किया गया है। आस्थगित राशि की वसूली माह अक्टूबर 2020 से मार्च 2021 के विद्युत देयकों के नियमित भुगतान के साथ 6 समान किश्तों में बिना ब्याज के की जायेगी। प्रदेश के जिन उपभोक्ताओं (उच्चदाब सहित) द्वारा लॉकडाउन के चलते अप्रैल एवं मई माह में देय विद्युत बिलों का भुगतान सामान्य नियत तिथि तक किया गया है, उन्हें एक प्रतिशत की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि (निम्नदाब उपभेक्ताओं को अधिकतम दस हजार तथा उच्चदाब उपभोक्ताओं को अधिकतम एक लाख रूपये) आगामी बिल में दी जा रही है। यह राशि विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा वहन की जायेगी। वर्तमान मेंप्रदेश के कृषि उपभोक्ताओं को इंदिरा गृह ज्योति योजना के प्रावधानों के अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है।

## गरीब कल्याण रोजगार अभियान के क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित

**भोपाल।** राज्य शासन ने गरीब कल्याण रोजगार अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध आयोजना, समन्वय एवं सहयोग के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है । समिति में सदस्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव होगें । अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव वित्त, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव खनिज संसाधन, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव वन, अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव कृषि एवं उद्यानिकी, अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव लोक निर्माण, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव नवकरणीय ऊर्जा, अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव श्रम, रेल मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधि एवं संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के प्रतिनिधि सदस्य होगें।

# पुलिस महकमें में 4269 आरक्षकों की होगी भर्ती- मंत्री डॉ. मिश्रा

## साइबर क्राइम कॉन्ट्रोलिंग टेक्नीक उन्नत करें, सोशल मीडिया सेल को सशक्त बनायें

**भोपाल।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि पुलिस महकमें में शीघ्र ही 4269 पुलिस आरक्षकों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जोहरी को पुलिस आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देष दिये। ग्रह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि आर्मी की तर्ज पर पुलिस हॉस्पिटल बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करें।गृह मंत्री डॉ. मिश्रा शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में विभागीय समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये विभागीय अधिकारी पूरी सजगता और तत्परता से कार्य करें। साइबर क्राइम कन्ट्रोलिंग टेक्नीक को उन्नत बनाया जाये और सोशल मीडिया सेल को सशक्त करें। उन्होंने कहा कि विभाग में आरक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति शीघ्र की जाये साथ ही विभागीय अधिकारियों की पदोन्नति प्रक्रिया नियमानुसार प्रारंभ की जाये। मंत्री डॉ. मिश्रा ने पुलिस विभाग के कर्मचारियों के उपचार के लिये चिंता करते हुए पीपीपी मोड़ सर्वसुविधायुक्त पुलिस हॉस्पिटल के निर्माण के लिये प्रस्ताव तैयार




करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आर्मी की तरह पुलिस हॉस्पिटल में आरक्षक से लेकर गृह मंत्री और पुलिस महानिदेशक अपना उपचार करा सकेंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि पुलिस हॉस्पिटल निर्माण में वरिष्ठ स्तर पर जो भी आवश्यकता होंगी, उसमें पूरा सहयोग किया जायेगा। इसके निर्माण से पुलिस विभाग के कर्मचारियों को उपचार के लिये सहज सुलभ सुविधा प्राप्त हो जायेगी। मंत्री डॉ. मिश्रा ने अपराधों के बदलते तौर तरीकों से निपटने के लिये तकनीक को और उन्नत करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने साइबर क्राइम कन्ट्रोलिंग टेक्नीक और सोशल मीडिया सेल को सशक्त करने के लिये आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यदि पूर्व से प्रक्रिया प्रचलन में है तो उसकी प्रगति से शीघ्र अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें। पुलिस आधुनिकीकरण के लिये आवश्यक बजटीय प्रावधान के लिये पुलिस महानिदेशक के साथ मिलकर वित्त विभाग से चर्चा की जायेगी। बैठक में गृह मंत्री डॉ. मिश्रा द्वारा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का हेड क्वाटर सिंगरौली से भोपाल किये जाने, भोपाल की फायरिंग रेंज को बालमपुर की नवीन फायरिंग रेंज में स्थानान्तरित करने के लिये आवश्यक बजटीय स्वीकृति, प्रदेश में पुलिस बल बढ़ाये जाने के लिये गृह मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त किये जाने के लिये आवश्यक कार्यवाही हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। समीक्षा बैठक में विशेष महानिदेशक श्री विजय यादव, अतिरिक्त महानिदेशक श्री अजय शर्मा, श्री अशोक अवस्थी, श्री अन्वेष मंगलम और पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

संपादकीए

# अमेरिका का कड़ा रुख

चीन की एशिया में बढ़ती दादागीरी के खिलाफ अमेरिका ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। अमेरिका ने यूरोप से अपनी सेना हटाकर एशिया में तैनात करने का फैसला किया है। इसकी शुरुआत वो जर्मनी से करने जा रहा है। माना जा रहा है कि अमेरिका जर्मनी में तैनात 52 हजार अमेरिकी सैनिकों में से 9,500 सैनिकों को एशिया में तैनात करेगा। अमेरिका यह कदम ऐसे समय उठा रहा है कि जब चीन ने भारत में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है, तो दूसरी ओर वियतनाम, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलिपीन और साउथ चाइना सी में खतरा बना हुआ है। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पॉम्पिओ ने चीन को भारत और दक्षिणपूर्व एशिया के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि भारत, मलेशिया, इंडोनेशिया, और फिलीपीन जैसे एशियाई देशों को चीन से बढ़ते खतरे के मद्देनजर अमेरिका दुनिया भर में अपने सैनिकों की तैनाती की समीक्षा कर उन्हें इस तरह से तैनात कर रहा है कि वे जरुरत पडने़ पर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (चीन की सेना) का मुकाबला कर सकें। अमेरिका हिंद महासागर स्थित सैन्य ठिकाने डियोगार्शिया पर पहली बार में 9500 सैनिकों को तैनात करेगा। इसके अलावा ताइवन भी अपने यहां सैना तैनाती के लिए जगह दे सकता है। बता दें कि अमेरिका के सैन्य ठिकाने जापान, दक्षिण कोरिया, डियोगार्शिया और फिलीपींस में है।

अमेरिका का एशिया में सेना तैनात करने का फैसला अनायास नहीं है। एशिया में जिस तरह से चीन का दखल बढ़ रहा है, वह अमेरिका को परेशान करने वाला है। एशिया क्षेत्र हमेशा से अमेरिका को आकर्षित करता रहा है। फिर वह चाहे तेल हो या बाजार। अमेरिका को लगता है कि अगर चीन को नहीं रोका गया तो वह अपनी बादशाहत मजबूत कर लेगा। तभी तो पिछले दिनों लद्दाख में भारत-चीन तनाव के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बिना बुलावे के मध्यस्थता के लिए तैयार हो गए थे और पूरे मामले में दिलचस्पी ले रहे थे। अगर सेना तैनात करने के परिदृश्य पर नजर डालें तो पता चलेगा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और उसके नेता शी जिनपिंग के लिए गुजरा साल एक से अधिक कारणों से बदतर रहा है। इस दौरान चीन को गिरती आर्थिक वृद्धि और बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) से जुड़ी अड़चनों के साथ हॉन्गकॉन्ग संकट से भी जूझना पड़ा। फिर कोरोना वायरस की वजह से भी भी चीन पूरी दुनिया के निशाने पर है। चीन के प्रति न केवल ट्रंप की अगुआई वाले अमेरिकी प्रशासन बल्कि पश्चिमी देशों का व्यापक नजरिया भी बदला है। वे चीन पर लगातार आर्थिक दबाव डालते हुए उससे संतुलित संबंधों की मांग करते रहे हैं।

# गलवान को क्यों कब्जाना चाहता है चीन?

भारत-चीन के बीच चल रही तनातनी कम करने के लिए दोनों देशों के बीच शुरू हुई वार्ता 14-15 जून की रात धूर्त चीन की धोखेबाजी के बाद रूक गई है। दरअसल चीनी सैनिकों द्वारा पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों पर धोखे से अचानक हमला कर दिया गया, जिसमें सेना के एक कर्नल सहित 20 वीर योद्धा वीरगति को प्राप्त हुए। हालांकि भारतीय योद्धाओं ने भी जांबाजी का परिचय देते हुए चीन के कमांडिंग ऑफिसर सहित 43 सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। 1975 में अरूणाचल के तुलुंग ला में हुए संघर्ष के 45 वर्षों बाद भारत-चीन के बीच यह सबसे बड़ा सैन्य टकराव है, जिसके चलते दोनों देशों के बीच सीमा पर पहले से जारी गतिरोध की स्थिति गंभीर हो गई है। चीन ने पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग सो झील, गलवान घाटी, डेमचोक सहित कई इलाकों में सीमा का अतिक्रमण किया है, जिसे लेकर भारत द्वारा कड़ी आपत्ति जताने के साथ चीनी सैनिकों के पीछे हटने की मांग की जा रही थी। दोनों देशों के बीच उत्पन्न गतिरोध को दूर करने के लिए वार्ता शुरू हुई थी लेकिन चालबाजी और धूर्तता चीनी रक्त के कतरे-कतरे में समायी है। 1962 में 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' की आड़ में धोखे से भारत पर आक्रमण कर उसने 38000 किलोमीटर इलाके पर कब्जा कर लिया था और अब एलएसी से दोनों देशों की सेनाओं के पीछे हटने के समझौते के बावजूद इस समझौते को धत्ता बताते हुए उसने भारतीय सैनिकों पर हमला कर धूर्तता का स्पष्ट परिचय दिया है। दुनिया में चीन ही ऐसा देश है, जिसकी सीमा सबसे ज्यादा देशों से सटी है। चीन के भूमि से सटे 14 और समुद्री सीमा के किनारे 6 पड़ोसी देश हैं और इनमें से ऐसा एक भी देश नहीं है, जिसके साथ चीन के जमीन, नदी या समुद्री सीमा को लेकर मतभेद न रहे हों। वह ऐसा देश है, जो हमेशा 'दो कदम आगे, एक कदम पीछे' की नीति पर चलता आया है। 1962 की जंग में गलवान नदी घाटी का क्षेत्र जंग का प्रमुख केन्द्र रहा था। चीन ने वर्ष 1958 से ही यहां सड़क बनानी शुरू कर दी थी। सड़क बनने के बाद पं. नेहरू ने उस पर आपत्ति भी जताई और तभी से भारत कहता रहा है कि अक्साई चीन को चीन ने हड़प लिया है लेकिन चीन पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। बीते वर्षों में इस इलाके पर भारत की रणनीति बदली है और वह मुखर होकर इस पर अपना अधिकार जताने लगा है। चीन का आरोप है कि भारत गलवान घाटी के पास रक्षा संबंधी गैरकानूनी निर्माण कर रहा है। हालांकि भारत-चीन के बीच हुए समझौतों के तहत दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को मानेंगे और उसमें कोई नए निर्माण नहीं करेंगे लेकिन चीन ने कभी इन समझौतों का पालन नहीं किया। वह इस क्षेत्र में पहले ही जरूरी सैन्य निर्माण कर चुका है और अब मौजूदा स्थिति बनाए रखने की बात करता है। भारत लद्दाख में सड़क



बना रहा है, जिसका चीन विरोध कर रहा है और इसी कारण चीनी सैनिक पिछले कुछ दिनों से भारतीय सैनिकों से भिड़ रहे थे। चीन की फितरत ही धोखेबाजी की रही है, जो किसी समझौते को नहीं मानता। चीन की बौखलाहट का सबसे बड़ा कारण यही है कि भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखण्ड, सिक्किम तथा अरूणाचल प्रदेश से होकर गुजरने वाली भारत-चीन की 3488 किलोमीटर लंबी सीमा पर सड़क, रेल तथा हवाई अड्डों का जाल बिछा दिया गया है। आधा दर्जन हवाई पट्टियों, करीब 125 पुलों और सड़क का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है, जो चीन की आंखों की किरकिरी बन रहा है। वह नहीं चाहता कि भारतीय सेना की इन इलाकों तक सुगम पहुंच बने क्योंकि वह जब-तब इन इलाकों में अतिक्रमण की कोशिश करता रहता है। गलवान घाटी में भी वह अपनी सम्प्रभुत्ता का दावा करता रहा है। पश्चिमी हिमालय की गलवान नदी घाटी विवादित क्षेत्र अक्साई चीन में आती है, जो लद्दाख और अक्साई चीन के बीच भारत-चीन सीमा के नजदीक स्थित है। एलएसी यहां अक्साई चीन को भारत से अलग करती है। गलवान घाटी में मौजूदा विवाद का मुख्य कारण भारत द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण को लेकर है। दरअसल भारत दौलत बेग ओल्डी स्थित अपने एक महत्वपूर्ण सैन्य हवाई अड्डे तक सड़क बना रहा है, जो एलएसी के आसपास अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने की सैन्य रणनीति का अहम हिस्सा है। भारत के लिए यह सड़क इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके जरिये एलएसी पर तैनात भारतीय सेना को किसी आपातकालीन स्थिति में शीघ्र मदद प्रदान की जा सकती है। अगर अक्साई चीन में भारत सैन्य निर्माण करता है तो वहां से चीनी सेना की गतिविधियों पर नजर रखना आसान हो जाएगा, जो चीन को हजम नहीं हो रहा। दरअसल चीन को भय है कि एलएसी पर भारत अपनी सड़क व्यवस्था मजबूत करने में सफल रहा तो उसे अब तक यहां की स्थिति से जो फायदा मिल रहा है, उसे वह खो देगा। हालांकि भारत ने चीन की आपत्तियों को सदैव यह कहकर खारिज किया है कि वह अपने इलाके में सड़क निर्माण कर रहा है, जिसका उसे पूरा अधिकार है। भारत द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण को रोकने के लिए ही चीन विवादित इलाके में अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ाते हुए काफी आगे तक बढ़ आया था। पिछले डेढ़ महीने के दौरान यह तीसरा मौका है, जब चीन ने भारत पर दबाव बनाकर इस सड़क निर्माण को रोकने के लिए हमारे सैनिकों से झड़प की। 5 मई को चीनी सैनिकों ने पैंगोंग झील के पास भारतीय सैनिकों को गश्त करने से रोका था, उस झड़प में दोनों देशों के करीब सौ सैनिक घायल हो गए थे। उसके बाद 9 मई को उत्तर सिक्किम के नाथूला सेक्टर में हुई झड़प में भी दर्जनभर सैनिक घायल हुए थे। अब गलवान घाटी विवाद को लेकर चीन द्वारा धोखेबाजी से हमारे बीस सैनिकों को शहीद किया गया है। कोरोना वायरस को लेकर अपनी करतूतों पर शर्मिंदा होने या अपराधबोध से ग्रस्त होने के बजाय चीन इन दिनों जिस तरह की हरकतें कर रहा है, उसका मक्कार चेहरा एक बार फिर दुनिया के सामने है। चीन की ही करतूतों से वैश्विक महामारी कोरोना के चलते दुनिया के अनेक देशों में चीन के प्रति नफरत के भाव उबल रहे हैं। बहरहाल, भारतीय जांबाजों की जवाबी कार्रवाई को देखते हुए चीन को समझ आ गया होगा कि भारत के साथ उलझने का अंजाम उसके लिए सुखद नहीं होगा, वह भी ऐसे समय में जब भारत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चीन के विरूद्ध माहौल बनाने में सफल हो रहा है। भारत ने चीन को अब यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि सीमा विवाद को सैन्य बल की ताकत पर नए सिरे से लिखने की उसकी चालबाजी कदापि स्वीकार्य नहीं होगी और भारत अब ईंट का जवाब पत्थर से देने की ताकत रखता है। फिलहाल हमारे वीर योद्धाओं का बलिदान व्यर्थ न जाए, भारत सरकार को इसके लिए पुख्ता इंतजाम करने चाहिएं, साथ ही पहले से ही चरमराई चीनी अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका देकर आर्थिक दृष्टि से भी उस पर जमकर प्रहार करना चाहिए।

## वीरों की मृगनैनी

ओ !कर्मपथ की कान्ति तुम
ओ! वीर पुरुषों की मृगनैनी
कौन हो तुम जो भर जाती
हृदय में संघर्ष की बेचैनीघ्
प्रतिक्षण मानव को देती हो
वीरत्व .पान की अभिलाषा
मन में विद्युत सा रोमांच ही
क्या तुम्हारी सच्ची परिभाषाघ्
तिमिराछन्न आकाश में भी
तुम उजियाले की आशा हो
बालू और कंटक के पथ पर
विजय की तुम पिपासा हो।
अपने इन बंकिम कटाक्षों से
कर लो जिसका हिय संधान
वह भूल जाये पीड़ाएँ अपनी
विस्मृत कर डालता थकान।
तुम्हारे वश में आ अन्वेषी
सफ्लता में होता अनुरक्त
तजकर इच्छा कोमलता की
संघर्ष का बनता परम भक्त।
कर्मठता भूषण है तुम्हारा
जिजीविषा ही तव श्रंगार
अस्तित्व कर्मों में तुम्हारा
जहाँ दिखती तुम साकार।
जिस उत्साही वीर योद्धा को
तुमने अपना लक्ष्य बनाया है
जीत कर सारे जग को उसने
विजय का ध्वज फ्हराया है।



. क्षितिज जैन

# कोरोना वायरस पहुंचा शहर के हर गली मोहल्ले में, कोरोना महामारी के साथ जीना सीखना होगा

कोरोना वायरस ने अब शहर के हर गली, मोहल्ले में दस्तक दे दी है। जिससे शहरवासियों में अब कोरोना महामारी का डर सताने लगा है। मार्च, अप्रैल, मई में लॉक डॉउन लगने के कारण कोरोना संक्रमण की चैन कुछ हद तक रुक गई थी किन्तु जैसे ही लॉक डॉउन खुला और आम लोगों ने कोरोना को गंभीरता से नहीं लिया और प्रशासन की चेतावनी के बावजूद अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा के प्रति लापरवाही बरती गई जिसके कारण आज कोरोना महामारी ने शहर के प्रत्येक गली, मोहल्ले में दस्तक दे दी है और एक ही परिवार के एक से अधिक लोग संक्रमित होकर बीमार हैं।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो महीने लॉक डॉउन लगाकर यह सिखा दिया है कि




कोरोना महामारी जानलेवा हैं और इससे बचने के लिए क्या सुरक्षा के उपाय है। सम्पूर्ण देश में स्थानीय स्तर पर अस्पताल में निःशुल्क जांच व उपचार की व्यवस्था की गई हैं। तथा अलग से कोरोना के वार्ड भी बना दिये गए हैं। अब इस बीमारी को टी वी, केंसर, हार्ट अटैक आदि के साथ कोरोना को भी शामिल कर अलग से जांच की व्यवस्था व वार्ड बना दिये हैं। ये सभी जानलेवा बीमारी है। अगर आपको बीमारी के जरा से भी लक्षण नजर आये तो तुरंत अपनी जांच करवाएं।दो महीने लॉक डॉउन लगने के कारण पहले ही देश की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो चुका है। इसलिए देशवासियों को कोरोना महामारी के साथ जीना सीखना होगा और शासन द्वारा बताये गये नियमों का पालन कर कोरोना महामारी से बचना होगा। सावधानी में ही सुरक्षा हैं। स्वयं जागरूक रहे और आम लोगों को जागरूक करे।

**अर्पित गुप्ता**

## पावसी मुस्कान धर दे

कर घटा घनघोर बारिश,प्राण का संचार कर दे।
तप रही धरती पिपासित,प्रेम की रस धार भर दे।

थाप बूँदों की मधुरतम,छेड़ सरगम रागिनी तू।
प्रेम का संचार पावन,कर सखी अनुरागिनी तू ।
ले रहीं अँगड़ाइयाँ प्रिय ,नव उमंगें जागतीं हैं ।
डस रहीं तन्हाइयाँ अब,रात पल-पल काटती हैं ।
दूर करके विरह पीड़ा, अब मिलन की बात कर तू
शुष्क अधरों पर लजीली,पावसी मुस्कान धर दे।
तप रही धरती पिपासित,प्रेम की रस धार भर दे।

खूब बरसो झूम सावन,गा उठे कोयल सुरीली।
मेघ गर्जन कर उठें औ%,बज उठे पायल लजीली।
ऊष्म धरती आज पुलकित,इठला रही उत्साह में।
खिल उठी है आश मन में,प्रिय मिलन की सुख चाह में।
बज रहे हैं घन-नगाड़े,प्रीत का मधुराग स्वर दे।
कर घटा घन घोर बारिश,प्राण का संचार कर दे।
तप रही धरती पिपासित,प्रेम की रस धार भर दे।



श्याम सुन्दर श्रीवास्तव 'कोमल'

## पापा आप याद बहुत आते हैं

पापा, आप याद बहुत आते हैं
जब भी मिलती हैं हमें खुशियाँ,
या जब दर्द हम से टकराते हैं
पापा, आप याद बहुत आते हैं।

भले ही बेटियों पे अपना हक
दिखाने में आप सकुचाते हैं,
पर जब भी हक जताना हो हमें
पापा, आप याद बहुत आते हैं।

आप आज भी अपनी हर बात
खुलकर कहाँ हम से कह पाते हैं,
पर हमें बाँटना हो कोई राज
पापा, आप याद बहुत आते हैं।

कैसे बढ़ाया हमें आगे हमेशा
वो किस्से अब भी सुनाते हैं,
फिर बच्चे करते हैं सवाल जब
पापा, आप याद बहुत आते हैं।

संयम और संघर्ष सिखाया हमें
खुद अब तक दोहराते हैं ,
दुविधाओं में हम घिर जाएँ तब
पापा, आप याद बहुत आते हैं।



प्रियंका कटारे
प्रिराज ग्वालियर मप्र

# संकट को बढ़ाते शराब और पेट्रोल के बढ़ते दाम

कोरोना संकट ने केवल मानव स्वास्थ्य की चिन्ता नहीं बढाई, बल्कि अपने साथ दबे पांव कई और समाजार्थिक संकट ले आया है। ऐसे में पहले से गिरती जी.डी.पी. भविष्य में कई चुनौतियां तैयार कर सकती है। प्रत्येक राज्य की सरकारें देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास में लगी हैं। समूचा भारत 22 मार्च से बंद पडा है, देश के काम-धन्धे ठप्प है, ऐसे में तीसरे चरण के लॉकडाउन में भारत सरकार द्वारा कुछ राहत देने की बात कही गयी, जिसमें शराब खरीद की छूट अहम थी पूरे देश के अलग-अलग हिस्सों में एक सा नज़ारा देखने को मिला लोगों का इतना विशाल हुजूम शायद आज से पहले शराब के लिए लाइन में खडा पहले किसी ने नहीं देखा था। शराब और पेट्रोल बिक्री राज्य और केन्द सरकार के प्रमुख राजस्व स्त्रोत हैं। बीते वर्ष सितम्बर में भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकतर राज्यों में कुल टैक्स राजस्व का लगभग 10-15 प्रतिशत हिस्सा शराब पर लगने वाले राज्य उत्पाद शुल्क से आता है, संम्भवत: इसी कारण राज्यों ने शराब को वस्तु एवं सेवाकर के दायरे से बाहर रखा है। दिल्ली सरकार ने शराब की बिक्री पर स्पेशल कोरोना शुल्क लगाने की घ्रोषणा की है। जिससे दिल्ली में शराब की कीमत काफी बढ़ जाएगी। लॉकडाउन में शराब बिक्री पर आन्ध्रप्रदेश ने 75



फीसदी, दिल्ली ने 70 फीसदी और उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा ने शराब की बोतल के हिसाब से टैक्स लगाया है। शराब के साथ-साथ पेट्रोल के दामों में भी तेजी से टैक्स का बढाया जाना वो भी ऐसे समय जब देश में लोगों के पास आमदनी नहीं है और दुनिया भर में तेल की कीमतों में तेजी से कमी देखी जा रही है। राज्य सरकारों ने पेट्रोल और डीजल में जहां वैट बढाया है, वही केन्द्र सरकार ने भी एक्साइज ड्यूटी बढा दी है परिणाम स्वरूप लगभग 18 रू. में मिलने वाला पेट्रोल आम आदमी तक पहुंचते-पहुंचते 70-75 तक का हो गया है। शराब पर बढे हुए टैक्स का भले ही आम-जनमानस पर खासा असर न पडे, लेकिन पेट्रोल और डीजल आम आदमी का तेल निकालने वाले साबित होंगे। ज्यों ही ट्रांसपोर्ट की लागत बढेगी उसका असर उपभोक्ता तक पहुंचने वाले सामान की कीमत पर भी पडने लगेगा, जिससे आम आदमी का बोझ और बढ जाएगा। हालांकि शराब और पेट्रोल दो ऐसे आमदनी के साधन हैं, जिससे सरकार को आर्थिक संकट के दौर में काफी राहत हो सकती है। कोरोना संकट के काल में जब दुनिया घरों में कैद है, महिला हिंसा के केस लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में शराब की अंधा-धुंध बिक्री हिंसा, मारपीट, छीना-झपटी, लूटमार जैसी गतिविधियों को बढाने वाला साबित हो सकता है, जिसकी सबसे बडी शिकार महिलाऐं होंगी। आम दिनों से लॉकडाउन के समय महिलाओं पर हिंसात्मक घटनाऐं बढ़ गयी हैं, क्योंकि ज्यादातर लोग घरों पर हैं, ऐसे में वो महिलाऐं जो अपनी समस्याओं को समाज के सामने रखने में हिचकती हैं, अब तो उनकी हालात और भी दुशवार साबित होने वाली है। आलम यह है कि महिला हेल्पलाइन व पैनल अधिवक्ताओं के सामने प्रतिदिन 3-4 मामले दर्ज किये जा रहे हैं। जबकि कई महिलाऐं शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत ही नहीं जुटा पा रही, जो हिंसा से आत्महत्या तक को बढावा देता है।

## जीवन का अंतिम सत्य

कभी किसी ने बैठकर सोचा ,नहीं सोचा होगा, क्योंकि हम अपने जीवन में इतने व्यस्त हैं, कि हमारे पास इस मानव जीवन के अंतिम सत्य के बारे में सोचने का समय नहीं है, हमारे पास केवल अपनी तृष्णाओं की पूर्ति का समय है ,हमें केवल धन एकत्रित करना है, हमें केवल भोग भोगने हैं, हमें केवल अपनी सत्य स्थापित करनी है, हमें केवल दूसरों को नीचा दिखाना है, पर कभी किसी ने सोचा ,यह सब भोग क्षण भर के हैं ,हमारे से पहले इस पृथ्वी पर कितने राजा, महाराजा आए, जो कितने शक्तिशाली थे, उन्होंने अपनी भक्ति से देवो को प्रसन्न करके कई वरदान हासिल किए,पर वो भी एक दिन काल के ग्रास बन गए, तो क्यों आज इस पृथ्वी का तुछ्च सा मानव यह भूल गया है, उसे भी एक दिन काल का ग्रास बनना है,अगर भूल गए हैं , तो एक दिन शमशान भूमि में जाकर किसी जलते मुर्दे को देख आए ,क्योंकि यही जीवन का अंतिम सत्य है।।



अमित डोगरा
पी.एच डी शोधकर्ता,गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ,अमृतसर,9878266885

# फिल्म सूर्यवंशी में छिपा है 'सिंघम 3' का संकेत



**मुंबई।** हाल ही में अजय देवगन की ?फिल्म ÷सूर्यवंशी÷ ?रिलीज होने वाली है। ?जिसे देखने के ?लिये फैंस काफी बेसब्री से इंतजार का रहे हैं। इसके साथ ही फैंस लोकप्रिय किरदार डीसीपी बाजीराव सिंघम की तीसरी फिल्म को लेकर भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालां?कि उनके इंतजार को और भी मजेदार बनाने के लिए सुपरस्टार अजय ने फिल्म की रिलीज को लेकर एक संकेत दिया है। दरअसल, जब ÷सिंघम 3÷ को लेकर जब अजय देवगन से सवाल पूछे गए तो उन्होंने कहा ?कि ÷हां, फिल्म बिल्कुल बनेगी, लेकिन हम पहले गोलमाल कर रहे हैं। उसके बाद शायद हम सिंघम करेंगे। जब आप सूर्यवंशी देखेंगे तब आपको अपने प्रश्न का उत्तर मिल जाएगा। उस फिल्म में ही आपका जवाब छिपा है। यहां तक कि सूर्यवंशी में भी मैं हूं।÷ बता दें ?कि ?फिल्म ÷सूर्यवंशी÷ रोहित शेट्टी की कॉप ड्रामा आधारित अगली फिल्म है। यह फिल्म मार्च में रिलीज होगी। ऐसे में दर्शकों को ÷सिंघम 3÷ की जानकारी के लिए कुछ महीने और इंतजार करना पड़ेगा। फिलहाल अजय अपनी आगामी फिल्म ÷तानाजी = द अनसंग वारियर÷ के प्रमोशन में व्यस्त हैं। बताया जा रहा है ?कि यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की मराठा सेना में एक बहादुर सेनापति तानाजी मालुसरे के जीवन पर आधारित है। हालांकि इतिहास की किताबों में तानाजी के बारे में एक पैराग्राफ से अधिक जानकारी देखने को नहीं मिलती है और यही वजह है कि अजय देवगन ने उन पर फिल्म बनाने का फैसला किया। अभिनेता ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने अनसंग वारियर्स नामक सीरीज की शुरुआत की है।

# शालीना नथानी के लिए सबसे स्टाइलिश स्टार है शाहरुख



बॉलीवुड की सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट शालीना नथानी का मानना है कि स्टाइल वह है, जिससे फैशन बनता है। आप वास्तविक जीवन में जो भी पहनते हैं वह स्क्रीन पर काफी अलग दिखता है। ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए शाहरुख खान सबसे ज्यादा स्टाइलिश इंसान हैं। हर दिन वो जिस तरह कपड़े पहनते हैं मुझे उसका तरीका पसंद है। उनका व्यक्तिगत स्टाइल शानदार है। उन्हें ब्लू जींस के साथ, सफेद टी-शर्ट, कूल जैकेट और एक बेहतरीन स्नीकर का जोड़ा बहुत पसंद है। मुझे कपड़ों और लोगों के बारे बस इतनी दिलचस्पी है कि वे कैसे अलग-अलग तरीके से उसे पहनते हैं। जैसे एक सफेद शर्ट है, लेकिन मुझे दिलचस्पी इस बात में है कि लोग उसे किस तरह पहन रहे हैं। कहने का अर्थ है कि वे कैसे शर्ट के बाजुओं को मोड़ते हैं उसके साथ क्या एससरीज पहनते हैं। मेरे लिए हर सर्दी के हर मौसम का ट्रेंड इस बात पर निर्भर करता है कि आप ने कपड़ों की लेयरिंग कैसे की है।

# बेस्ट फ्रेंड की शादी में जमकर नाचीं कैटरीना



बॉलिवुड की खूबसूरत अभिनेत्री कटरीना कैफ ने गोवा में अपने बेस्ट फ्रेंड और मेकअप आर्टिस्ट के शादी समारोह में जमकर डांस किया। प्रतिभाशाली कैटरीना के ब्लू लहंगा में किए गए डांस का शादी में मौजूद हर कोई दीवाना बन गया। उनके डांस का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। कटरीना कैफ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सन 2020 की पहली फोटो शेयर की है। विडियो में कटरीना कैफ अपनी फिल्म %फैंटम% के गाने %अफगान जलेबी% पर डांस कर रही हैं। उनके साथ दूल्हा भी डांस कर रहा है। जबकि, शादी में मौजूद लोग कटरीना कैफ के डांस का फुल इंजॉय कर रहे हैं। इसके साथ ही कैटरीना ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें भी पोस्ट की हैं।



# हम भी अकेले तुम भी अकेले को बेस्ट ऑडियंस पुरस्कार

जरीन खान और अंशुमान झा अभिनीत %हम भी अकेले, तुम भी अकेले% ने दक्षिण एशियाई फिल्म महोत्सव में बेस्ट फिल्म ऑडियंस चॉइस अवार्ड जीता है। हरीश व्यास निर्देशित %हम भी अकेले, तुम भी अकेले% एक समलैंगिक पुरुष और समलैंगिक महिला के साथ मुख्यधारा की बॉलीवुड फिल्म है। अवार्ड मिलने पर व्यास ने कहा, ÷यह खुश कर देने वाला पल है। अंशुमान पहले अभिनेता थे, जिन्होंने कई बड़े नामों द्वारा फिल्म के कॉन्सेप्ट को लेकर काम करने से मना करने के बाद इसमें काम करने के लिए हामी भरी थी। हमने सालभर में इसकी पटकथा तैयार की, फिल्म मार्केट में ले गए और इसे रिकॉर्ड समय में बनाया।÷ %हम भी अकेले, तुम भी अकेले% की पटकथा भी एशिया की दस सर्वश्रेष्ठ पटकथाओं में से एक के तौर पर नवंबर 2018 में सिंगापुर में दक्षिण एशियाई फिल्म बाजार में एक आधिकारिक चयन थी।

# होम टाउन बुढ़ना में सिर पर गमछा बांध खेतों में काम करते दिखे नवाजुद्दीन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी इस वक्त अपने होमटाउन बुढाना में हैं। एक्टर ने इंस्टा पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वे अपने खेत में काम करते दिखाई दे रहे हैं। नवाजुद्दीन का यह वीडियो उनके प्रशंसकों को खूब पसंद आ रहा है। वीडियो में नवाजुद्दीन सिद्दिकी खेत में काम करने के बाद अपने हाथ-पैर धोते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने व्हाइट टीशर्ट- डार्क कलर की पैंट पहनी हुई



है। साथ ही टिपिकल देसी अंदाज में वे सिर पर गमछा बांधे दिखाई दिए। नवाजुद्दीन का यह अंदाज फैंस को काफी पसंद आया है। वे इस वीडियो से इंस्पिरेशन भी लेते दिखे। जहां एक बड़ा बॉलीवुड स्टार देसी अंदाज में अपने खेतों में काम करता दिखा। यूजर्स ने नवाजुद्दीन को जमीन से जुड़ा हुआ इंसान बताया। वहीं कई लोग नवाजुद्दीन के लिए अपना सम्मान भी दिखाते नजर आए। एक्टर की सिंपल लाइफ के लोग दीवाने नजर आए। एक्टर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे पिछली बार मोतीचूर चकनाचूर में दिखे थे। इसमें उनके अपोजिट आथिया शेट्टी नजर आई थीं। उनकी फिल्म घूमकेतू ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। दूसरी तरफ, नवाजुद्दीन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी पिछले दिनों चर्चा में रहे। उनकी पत्नी आलिया सिद्दीकी ने उन्हें तलाक का नोटिस भेजा था। इस नोटिस में आलिया ने तलाक के साथ गुजारा भत्ता भी मांगा। हालांकि अभी तक तलाक की खबरों पर नवाज का कोई रिएक्शन नहीं आया है। नवाज और आलिया की शादी 2009 में हुई थी। इस शादी से दोनों के एक बेटा और बेटी है। आलिया संग नवाज की यह दूसरी शादी है।

# जब नंगे पांव चलीं बिदिता बाग

खबर है कि बिदिता सामाजिक कार्यकर्ता दया बाई की बायोपिक में अपने किरदार के लिए भोपाल में रहने के दौरान नंगे पांव चलीं। आज के दौर में कलाकार अपने किरदार को वास्तविक बनाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। उदाहरण के तौर पर अभिनेत्री बिदिता बाग को ले सकते हैं। फिल्म में अपने किरदार की तैयारी को लेकर अभिनेत्री ने कहा, ÷यह मेरे लिए बहुत ज्यादा कठिन था, लेकिन मुझे पता था कि मुझे एक कलाकार के रूप में खुद को साबित करना है। इस फिल्म की तैयारी, मेरे लिए



भावनात्मक रूप से दर्दनाक थी। मीडिया और लोगों को मेरा किरदार पसंद आए, इसलिए मैंने सच में कड़ी मेहनत की। यह बिल्कुल भी आसान नहीं था, क्योंकि मैं उनकी (दया बाई) तरह नहीं हूं। मैं उनकी तरह शारीरिक हाव-भाव, चलने का ढंग और बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।÷ दया बाई केरल की एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो मध्य भारत के आदिवासियों के लिए काम करती हैं। वह इस समय मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में रहती हैं और गोंड़ जनजाति की बेहतरी के लिए काम कर रही हैं। इससे पहले वह नर्मदा बचाओ आंदोलन से जुड़ी थीं।

# खास भूमिका में नजर आएगी भूमि पेडणेकर



अभिनेत्री भूमि पेडणेकर एक बार फिर से अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म शुभ मंगल ज्यादा सावधान में स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। शुभ मंगल सावधान में धमाकेदार परफॉर्मेंस देने के बाद भूमि फिल्म के दूसरे भाग में शामिल होकर फ्रेंचाइजी के साथ अपनी साझेदारी जारी रखेंगी। फिल्म के दूसरे भाग में भूमि एक विशेष रूप में दिखाई देंगी, जो पिछली फिल्म की तुलना में काफी अलग होगा। भूमि को फिल्म में लिए जाने को लेकर फिल्म के प्रोड्यूसर आनंद एल. राय ने कहा, भूमि शुभ मंगल सावधान परिवार का हिस्सा हैं और उनके बिना हम शुभ मंगल ज्यादा सावधान बनाने के बारे में सोच भी नहीं सकते हैं। फिल्म में वह विशेष भूमिका में नजर आएंगी और फिल्म में उनके होने को लेकर हम बहुत खुश हैं।

# स्टार किड होने के बावजूद कितने लोगों ने रिजेक्ट किया, इसका कोई हिसाब नहीं : अभिषेक बच्चन

**मुंबई** । बीते काफी दिनों से सोशल मीडिया पर नेपोटिज्म पर जबरदस्त बहस चल रही है। इसी के चलते करण जौहर और कई स्टार किड्स लोगों के निशाने पर आ गए हैं। सोशल अकाउंट्स पर फॉलोअर्स घटने के साथ-साथ कई फिल्म मेकर्स और स्टार किड्स को हेट कमेंट्स का सामना भी करना पड़ा रहा है। सोनम कपूर, सोनाक्षी सिन्हा जैसे कई सेलेब्स ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। वहीं अब इस मुद्दे पर बहस के बीच अभिनेता अभिषेक बच्चन का दर्द सामने आया है, उन्होंने बताया है कि स्टार किड होते हुए भी इंडस्ट्री में उन्हें कितने लोगों ने रिजेक्ट किया है। दरअसल, अभिषेक बच्चन ने हाल ही में अपने अनुभव के बारे में इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर की है। वह इंस्टाग्राम पर एक सीरीज चला रहे हैं।



जिसमें वो हर साल आई अपनी फिल्मों और उससे जुड़ी कहानियों के बारे में खुलासा कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने 2009 को लेकर किए गए पोस्ट में बताया कि कैसे उन्होंने डायरेक्टर्स-प्रोड्यूसर्स के चक्कर लगाए। सभी से काम मांगा। काफी कोशिशों के बाद काम मिला लेकिन एक और मुसीबत आ गई। अभिषेक बच्चन ने बताया बहुत सारे लोग यह नहीं जानते हैं कि साल 1998 में मैं और राकेश ओम प्रकाश मेहरा अपना करियर एक साथ शुरू करने वाले थे। वो, मुझे डायरेक्ट करने वाले थे इस प्रोजेक्ट का नाम था %समझौता एक्सप्रेस% लेकिन काफी कोशिशों के बाद भी हमें लॉन्च करने के लिए कोई नहीं मिला। मैं भूल गया हूं कि मैंने कितने निर्माताओं और निर्देशकों के चक्कर लगाए कि मुझे कोई एक चांस दे दे, लेकिन कुछ नहीं हो सका। समझौता एक्स्प्रेस कभी बन नहीं सकी। इस फिल्म को नहीं बना पाने का अभिषेक को आज तक दुख है। उन्होंने बताया, किस्मत से जेपी साहब को मेरा लुक पसंद आया। उनसे मिलते समय मैंने बाल और दाढ़ी बढ़ाए थे। वह मेरे साथ फिल्म %आखिरी मुगल% बनाना चाहते थे। हालांकि वह फिल्म भी नहीं बन सकी लेकिन उन्होंने मुझे फिल्म %रिफ्यूजी% में काम दिया%। इस तरह मुझे फिल्म जगत में प्रवेश मिल गया। लेकिन इसके लिए मुझे बिल्कुल सामान्य लोगों की तरह ही पापड़ बेलने पड़े।




हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों ने जेल में बंद चीनी वकीलों कौर कानूनविदों की तस्वीरें लेकर विरोध जताया।

# ट्रंप चाहते हैं, नियुक्ति में डिग्री के बजाय कौशल को प्राथमिकता दी जाए



**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि संघीय सरकार की नौकरियों में उम्मीदारों की डिग्री के बजाय उनके कौशल को प्राथमिकता दी जाए। ट्रंप इसके लिए संघीय सरकार को निर्देश देने की तैयारी कर रहे है। प्रशासन और उद्योग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रशासन को कर्मचारियों के लिए नीति पर सलाह देने वाले बोर्ड की बैठक में इस आदेश पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। ट्रंप की पुत्री इवांका अमेरिकियों के लिए कार्यबल नीति सलाहकार बोर्ड की सह–चेयरमैन हैं। इवांका ने नियोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुरूप रोजगार प्रशिक्षण में सुधार के लिए काफी काम किया है। संघीय सरकार देश की सबसे बड़ी नियोक्ता है। इसके कर्मचारियों की संख्या 21 लाख है। इसमें डाक सेवा के कर्मचारी शामिल नहीं हैं।

# भारत को चीन से खतरे के नजरिए से सैनिकों की तैनाती की समीक्षा कर रहा अमेरिका ः पोम्पिओ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि भारत, मलेशिया, इंडोनेशिया, और फिलीपीन जैसे एशियाई देशों को चीन से बढ़ते खतरे के मद्देनजर अमेरिका दुनिया भर में अपने सैनिकों की तैनाती की समीक्षा कर उन्हें इस तरह से तैनात करने की योजना बना रहे हैं कि जरुरत पड़ने पर चीनी सेना का मुकाबला किया जा सके। पोम्पिओ ने जर्मन मार्शल फंड के वर्चुअल ब्रसेल्स फोरम 2020 में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। पोम्पिओ ने कहा हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी तैनाती ऐसी हो कि पीएलए का मुकाबला किया जा सके। हमें लगता है कि यह हमारे समय की यह चुनौती है और हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारे पास उससे निपटने के लिए सभी संसाधन उचित जगह पर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर सैनिकों की तैनाती की समीक्षा की जा रही है और इसी योजना के तहत अमेरिका, जर्मनी में अपने सैनिकों की संख्या करीब 52 हजार से घटा कर 25 हजार कर रहा है। पोम्पिओ ने कहा कि सैनिकों की तैनाती जमीनी स्थिति की वास्तविकता के आधार पर की जाएगी। उन्होंने कहा कुछ जगहों पर अमेरिकी संसाधन कम रहेंगे। कुछ अन्य जगह भी होंगे मैंने अभी चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से खतरे की बात कही है, इसलिए अब भारत को खतरा, वियतनाम को खतरा, मलेशिया, इंडोनेशिया को खतरा, दक्षिण चीन सागर की चुनौतियां हैं।

## विजय शंकर वाशिंगटन सर्वोच्च अदालत में जज के तौर पर नामित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश की राजधानी में सर्वोच्च अदालत में न्यायाधीश के तौर पर भारतीय–अमेरिकी विजय शंकर को नामित करने की मंशा जताई है। अगर सीनेट शंकर के नाम की पुष्टि करती है तो वह डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया कोर्ट ऑफ अपील्स में एसोसिएट जज के पद पर काम करेंगे। यह वाशिंगटन डीसी के लिए सर्वोच्च अदालत है। अभी वह न्याय विभाग की अपराध शाखा में वरिष्ठ अभियोग वकील और अपील सेक्शन के उप प्रमुख के पद पर काबिज हैं। न्याय विभाग का 2012 में हिस्सा बनने से पहले शंकर वाशिंगटन डीसी, मेयर ब्राउन के कार्यालय, एलएलसी एंड कोविंगटन एंड बर्लिंग, एलएलपी में निजी तौर पर वकालत कर रहे थे। उन्होंने ड्यूक विश्वविद्यालय से बीए की डिग्री हासिल की और वर्जीनिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ से जेडी की डिग्री प्राप्त की।

# भारत को चीन से खतरे के नजरिए से सैनिकों की तैनाती की समीक्षा कर रहा अमेरिका ः पोम्पिओ



**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि भारत, मलेशिया, इंडोनेशिया, और फिलीपीन जैसे एशियाई देशों को चीन से बढ़ते खतरे के मद्देनजर अमेरिका दुनिया भर में अपने सैनिकों की तैनाती की समीक्षा कर उन्हें इस तरह से तैनात करने की योजना बना रहे हैं कि जरुरत पड़ने पर चीनी सेना का मुकाबला किया जा सके। पोम्पिओ ने जर्मन मार्शल फंड के वर्चुअल ब्रसेल्स फोरम 2020 में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। पोम्पिओ ने कहा हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी तैनाती ऐसी हो कि पीएलए का मुकाबला किया जा सके। हमें लगता है कि यह हमारे समय की यह चुनौती है और हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारे पास उससे निपटने के लिए सभी संसाधन उचित जगह पर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर सैनिकों की तैनाती की समीक्षा की जा रही है और इसी योजना के तहत अमेरिका, जर्मनी में अपने सैनिकों की संख्या करीब 52 हजार से घटा कर 25 हजार कर रहा है। पोम्पिओ ने कहा कि सैनिकों की तैनाती जमीनी स्थिति की वास्तविकता के आधार पर की जाएगी। उन्होंने कहा कुछ जगहों पर अमेरिकी संसाधन कम रहेंगे। कुछ अन्य जगह भी होंगे मैंने अभी चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से खतरे की बात कही है, इसलिए अब भारत को खतरा, वियतनाम को खतरा, मलेशिया, इंडोनेशिया को खतरा, दक्षिण चीन सागर की चुनौतियां हैं।

# उग्र राष्ट्रवाद की दिशा में आगे बढ़ा नेपाल, अब हिंदी को प्रतिबंधित करने की तैयारी

**काठमांडू ।** भारत विरोधी रुख अपनाने वाले नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अब संसद में हिंदी भाषा को प्रतिबंधित करने पर विचार कर रहे हैं। सत्तारुढ़ नेपाल कम्यूनिस्ट पार्टी में मचे घमासान और देश में सरकार के खिलाफ लोगों के गुस्से से ध्यान भटकाने के लिए पीएम ओली ने अब उग्र राष्टवाद की दिशा में आगे बढ़ने का निर्णय लिया हैं। नेपाली सरकार पहले से ही निर्देश आए हैं। नेपाली सरकार के लिए हिंदी भाषा को बैन करना आसान नहीं होगा। बता दें कि नेपाली के बाद इस हिमालई देश में सबसे ज्यादा मैथिली, भोजपुरी और हिंदी बोली जाती है। नेपाल के तराई क्षेत्र में रहने वाली ज्यादातर आबादी भारतीय भाषाओं का ही प्रयोग करती है। ऐसी स्थिति में अगर नेपाल में हिंदी को बैन करने के लिए कानून लाया जाता है तो तराई क्षेत्र में इसका विरोध



भारत के साथ सीमा विवाद और नागरिकता को लेकर कड़े तेवर दिखा चुकी है। जनता समाजवादी पार्टी की सांसद और मधेस नेता सरिता गिरी ने नेपाल सरकार के इस फैसले को लेकर सदन के अंदर जोरदार विरोध किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके सरकार तराई और मधेशी क्षेत्र में कड़े विरोध को आमंत्रित कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सदन को इतिहास से सीखना चाहिए। उन्होंने ओली सरकार से पूछा कि क्या इसके लिए चीन से देखने को मिल सकता है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी अब टूट के कगार पर पहुंच गई है। नेपाल की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकारी चेयरमैन पुष्प कमल दहल %प्रचंड% ने पीएम ओली की आलोचना के बाद उनसे अब इस्तीफे की मांग की है। प्रचंड ने ओली को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर पीएम ने इस्तीफा नहीं दिया तो वह पार्टी को तोड़ देंगे। पीएम केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है।



रुस में कानून में संशोधन के लिए कतार में लगे हुए चिकित्सा कर्मचारी।

# चीन के अतिक्रमण करने की खबरें नेपाल विदेश मंत्रालय ने की खारिज

**काठमांडू ।** नेपाल ने मीडिया में आई चीन के अतिक्रमण करने की खबरों को खारिज कर दिया और कहा कि दोनों देशों के बीच सीमा एक संधि के आधार पर और उसके बाद उनके बीच हस्ताक्षर ?किए गए प्रोटोकॉल पर निर्धारित की गई थी। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन द्वारा नेपाली क्षेत्र पर कब्जा किए जाने की मीडिया में आई खबरों पर उसका ध्यान गया है। इसने कहा कि दोनों देशों के बीच पांच अक्टूबर 1961 को हुई सीमा संधि तथा उसके बाद हस्ताक्षरित प्रोटोकॉल में सीमा का वर्णन है। इसने कहा कि मीडिया में खंभा नंबर 37 और 38 के गायब होने की बात कही गई है, लेकिन ये खंभे कभी अस्तित्व में थे ही नहीं। मंत्रालय ने कहा कि यदि कोई मुद्दा उठता है, तो नेपाल सरकार दोनों देशों के संबद्ध अधिकारियों के बीच बैठक के जरिए इसका हल कर लेगी।

# इमरान ने पाक संसद में लादेन को बताया शहीद

**इस्लामाबाद।** आतंकवाद के खात्मे को लेकर पाकिस्तान का क्या रुख है यह प्रधानमंत्री इमरान खान के देश की संसद में दिए बयान से साफ हो गया है। दुनियाभर में खूंखार आतंकी हमलों को अंजाम देने वाले अल–कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को इमरान खान ने %शहीद% करार दिया है। खान ने यह बयान ऐसे समय में दिया है, जब पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ कोई कदम न उठाने और आतंकी संगठनों को पनाह देने का आरोप उस पर लग रहा है। इस्लामाबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने अल–कायदा सरगना और खूंखार आतंकवादी ओसामाबिन लादेन को संसद में %शहीद% करार दिया है। यही नहीं, खान ने यह भी कहा कि



पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ जंग में अमेरिका का साथ नहीं देना चाहिए था। अमेरिका पर बरसते हुए खान ने कहा कि अमेरिकी फोर्सेज ने पाकिस्तान में घुसकर लादेन को %शहीद% कर दिया और पाकिस्तान को बताया भी नहीं और इसके बाद पूरी दुनिया पाकिस्तान की ही बेइज्जती करने लगी। खान ने कहा पाकिस्तान ने अमेरिका की आतंकवाद के खिलाफ जंग में अपने 70 हजार लोगों को खो दिया। खान ने कहा कि जो पाकिस्तान देश से बाहर थे, इस घटना की वजह से उन्हें जिल्लत का सामना करना पड़ा। 2010 के बाद पाकिस्तान में ड्रोन अटैक हुए और सरकार ने सिर्फ निंदा की। उन्होंने कहा जब अमेरिका के एडमिरल मलन से पूछा गया कि पाकिस्तान पर ड्रोन हमले क्यों किए जा रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि सरकार की इजाजत से यह कार्रवाई की जा रही है। ऐसा पहली बार नहीं है, जब इमरान खान ने ऐसा विवादित बयान दिया है। ओसामा को लेकर भी वह नरम रवैया अपनाते दिखे हैं। उन्होंने कई मौकों पर उसे आतंकी मानने से इनकार किया है। वह तालिबानी लड़ाकों को %भाई% तक बता चुके हैं। पहले की सरकारों के दौरान वह ड्रोन हमलों की खुलकर निंदा कर चुके हैं और उनका कहना था कि अगर ड्रोन हमले बंद हो जाएं तो तालिबानी गतिविधियां भी बंद हो जाएंगी। खान का यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब फाइनेशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने बुधवार को फैसला किया है कि पाकिस्तान को फिलहाल ग्रे लिस्ट में ही रखा जाएगा, क्योंकि वह लश्कर–ए–तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद जैसे संगठनों को पहुंचने वाली फंडिंग पर नकेल नहीं कस पाया है।

# 2023 महिला विश्व कप की संयुक्त मेजबानी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को मिलनी तय

## जापान ने दावेदारी वापस ली




**टोक्यो।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को 2023 महिला विश्व कप की संयुक्त मेजबानी मिलनी तय है। इससे पहले जापान फुटबॉल संघ (जेएफए) ने अपनी मेजबानी की दावेदारी वापस ले ली। जापान के हटने से ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की राह आसान हो गयी है। जेएफए ने टोक्यो में ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दावेदारी से हटने की बात कही है। जेएफए के अध्यक्ष कोजो ताशिमा ने कहा, 'हमने 2023 महिला विश्व कप की मेजबानी की अपनी दावेदारी वापस लेने का फैसला किया है हालांकि उन्होंने इसे एक निराशाजनक फैसला बताया पर कहा कि इसके अलावा विकल्प नहीं था।' ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त दावेदारी को इस महीने की शुरुआत में फीफा से सर्वश्रेष्ठ आकलन अंक मिले थे। जापान की दावेदारी दूसरे, वहीं कोलंबिया की तीसरे स्थान पर रही थी। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा को गुरुवार को स्विट्जरलैंड में विजेता के नाम की घोषणा करनी है। जापान की बोली को 3.9 अंक दिए गए थे जबकि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की दावेदारी को संभावित पांच में से 4.1 अंक मिले थे। कोलंबिया को 2.8 अंक मिले थे। जापान ने 2011 में महिला वर्ल्ड कप खिताब जीता था जबकि 2015 में टीम उपविजेता रही थी। अमेरिका ने फ्रांस ने पिछला टूर्नमेंट जीतने के अलावा कुल चार बार विश्व खिताब जीता है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीमें कभी टॉप-4 में जगह नहीं बना पाई हैं। तोक्यो में इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों को भी अगले साल तक स्थगित किया गया है। जापान इसके अलावा 2030 में सापोरो में विंटर ओलिंपिक की मेजबानी की दावेदारी भी पेश कर रहा है।

# लॉकडाउन के दौरान प्रेरणादायी किताबें पढ़ी : श्रीजेश




**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश आजकल ब्रेक के दौरान अपने घर में हैं। श्रीजेश ने कहा कि कोरोनावायरस महामारी के कारण लॉकडाउन के चलते दो महीने से अधिक समय तक भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बेंग्लुरु केंद्र में रहने के कारण वह और कई और खिलाड़ी मानसिक रूप से कमजोर हो रहे थे और अपने को प्रेरित रखने के लिए उन्होंने इस दौरान 'प्रेरणादायी' किताबें पढ़ी। श्रीजेश ने कहा, 'यह काफी मुश्किल समय था क्योंकि हमारी जीवनशैली पूरी तरह से बदल गई थी। ऐसे में अपने विचारों में संतुलन बनाना था।' श्रीजेश ने माना कि लॉकडाउन के दौरान नकारात्मक विचारों को दूर रखना मुश्किल था पर वह अमेरिकी ट्रायथलीट जोआना जीगर की 'द चैंपियन्स माइंडसेट- एन एथलीट्स गाइड टू मेंटल टफनेस' किताब पढ़कर मानसिक रूप से मजबूत रह पाए। उन्होंने कहा, 'एक तरफ तो मुझे घर की याद आ रही थी और दूसरी तरफ मैं परिजनों को घर जाकर खतरे में नहीं डालना चाहता था क्योंकि यात्रा के दौरान वायरस से संक्रमित होने का खतरा था।' श्रीजेश ने कहा, 'इसलिए शांति के लिए मैंने किताबों का सहारा लिया। लॉकडाउन के दौरान मैंने काफी किताबें पढ़ी, फिक्शन, नॉन फिक्शन से लेकर प्रेरणादाई किताबें। इसने मुझे अलग तरह से सोचने में मदद की। चैंपियन्स माइंडसेट ऐसी किताब है जो मैंने दोबारा पढ़ी।' श्रीजेश अभी 14 दिन के लिए अब अपने घर में ही पृथकवास में हैं और इसके बाद ही अपने बच्चों के साथ खेल पाएंगे और घर से बाहर निकल पाएंगे।

# लायन को भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज का है इंतजार



**चेन्नै ।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑफ स्पिनर नाथन लायन को इस साल के अंत में होने वाली भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज का बेसब्री से इंतजार है। लॉयन ने भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज की तुलना ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाली एशेज सीरीज से की है। उन्होंने बुधवार को कहा, %यह एशेज के अलावा सबसे अहम सीरीज बनती जा रही है। साथ ही कहा कि इस बार मुकाबला और रोमांचक होगा क्योंक भारत के पास बेहतरीन खिलाड़ियों की टीम है, जिसमें बल्लेबाजों के साथ ही काफी अच्छे गेंदबाज भी हैं। लायन ने माना कि भारत से पिछली घरेलू सीरीज में मिली हार उन्हें अब भी खटक रही है। उन्होंने कहा, %ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए आपको सीरीज या मैच हारना पसंद नहीं होता।% हालांकि वह इस बात को मानते हैं कि भारतीय टीम उनसे कहीं बेहतर थी। कोरोना वायरस के चलते लगी लॉकडाउन में राहत के बाद खेल शुरु होने लगे हैं। इसको देखते हुए लायन ने भी अभ्यास शुरू कर दिया है। इस गेंदबाज ने कहा कि लय हासिल करने के लिए मैंने गेंदबाजी प्रारंभ कर दी है।

**लायन को भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज का है इंतजार**

**चेन्नै।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑफ स्पिनर नाथन लायन को इस साल के अंत में होने वाली भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज का बेसब्री से इंतजार है। लॉयन ने भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज की तुलना ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाली एशेज सीरीज से की है। उन्होंने बुधवार को कहा, %यह एशेज के अलावा सबसे अहम सीरीज बनती जा रही है। साथ ही कहा कि इस बार मुकाबला और रोमांचक होगा क्योंक भारत के पास बेहतरीन खिलाड़ियों की टीम है, जिसमें बल्लेबाजों के साथ ही काफी अच्छे गेंदबाज भी हैं। लायन ने माना कि भारत से पिछली घरेलू सीरीज में मिली हार उन्हें अब भी खटक रही है। उन्होंने कहा, %ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए आपको सीरीज या मैच हारना पसंद नहीं होता।% हालांकि वह इस बात को मानते हैं कि भारतीय टीम उनसे कहीं बेहतर थी। कोरोना वायरस के चलते लगी लॉकडाउन में राहत के बाद खेल शुरु होने लगे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में अगले सप्ताह यूटीआर प्रो सीरीज से होगी टेनिस की वापसी




**म ेलबन् ।** ऑस्ट्रेलिया में कोरोना महामारी के कारण तीन महीने तक रुके रहने के बाद एक बार फिर टेनिस की वापसी हो रही है। इसके साथ ही मार्च के बाद पहली बार इनामी राशि के लिए उतरने का अवसर खिलाड़ियों को मिलेगा। चुनौती इस सप्ताह के अंत में सिडनी में यूटीआर प्रो सीरीज शुरू होगी हालांकि इस सीरीज में शीर्ष रैंकिंग वाली ऐश बार्टी के हिस्सा लेने की संभावनाएं नहीं है। वह अभ्यास पर ही ध्यान लगा रही हैं। वहीं पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन सैम स्टोसुर इस सीरीज में खेलने में खेलेंगी। प्रमुख टेनिस स्थलों पर होने वाली इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के स्थानीय पुरुष और महिला खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का अच्छा अवसर मिलेगा और इसके अगस्त तक जारी रहने की उम्मीद है। वहीं एलीट प्रतिस्पर्धी टेनिस मुकाबले अभी भी रुके हुए है। अमेरिकी ओपन 31 अगस्त से खाली स्टेडियम में शुरू होगा। इसके अलावा फ्रैंच ओपन को 27 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# ऑटोरिक्शा में सुरक्षात्मक स्क्रीन लगाएगी ओला

नई दिल्ली। कैब सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी ओला ने कहा है कि कोरोना महामारी संक्रमण के खतरे को रोकने के लिए उसके सभी ऑटोरिक्शा में चालक तथा यात्रियों के बीच एक सुरक्षात्मक पड़ेगा। इसके लिए भर में 100 से अधिक फ्यूमिगेशन (सेनेआइजेशन) केन्द्रों की सहायता ली जाएगी। अभी दिल्ली में ऐसे 15 सेंटर है और आगामी दिनों में इनकी संख्या




स्क्रीन लगाई जाएगी। इसके साथ ही रिक्शे को हर 48 घंटे में सेनेटाइज (रसायनों से जीवाणुमक्त) भी किया जाएगा। ओला ने अपने एक बयान में कहा कि उसके मंच से जुड़े सभी ऑटोरिक्शा को इस प्रकार के नियमों का पालना अनिवार्य रुप से करना बढ़ाई जाएगी। ओला के अनुसार इसके लिए ऑटोरिक्शा वालों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। ओला को उम्मीद है कि इससे उसके ऊपर ग्राहको का भरोसा भी बढ़ेगा और वे सुरक्षित होकर यात्रा कर सकेंगे।

# अगले महीने हो सकती है जेट एयरवेज की नीलामी




**नई दिल्ली।** ?विमानन कंपनी जेट एयरवेज को कर्ज देने वाले, जो एक साल से अधिक समय से ग्राउंडेड हैं, उन्होंने चार संभावित बिडर्स को फाइनल किया है। ये बिडर्स अगले महीने तक दिवालिया एयरलाइन में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए बोली प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल आशीष छावछरिया ने इन सूइटर्स के साथ एक नॉन-डिस्क्लोजर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और उन्हें एयरलाइन के वित्तीय डेटा तक पहुंचने का एक्सेस दिया है। जेट एयरवेज में जिन बिडर्स ने रुचि दिखाई है, वे हैं यूके का कलैक कैपिटल पार्टनर्स और दुबई का एक व्यक्ति मुरारी लाल जालान, अबू धाबी स्थित इंपीरियल कैपिटल इन्वेस्टमेंट्स एलएलसी (आईसीआईएल), हरियाणा स्थित फ्लाइट सिमुलेशन तकनीक सेंटर प्राइवेट लिमिटेड (एफएसटीसीपीएल) और मुंबई स्थित बिग चार्टर प्राइवेट लिमिटेड (बीसीपीएल) का एक संघ, कनाडा स्थित उद्यमी शिवकुमार रसिया और कोलकाता के अल्फा एयरवेज। ऑनलाइन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बोली लगाने वाली कंपनियों को अपनी बोली लगाने से पहले जेट एयरवेज की वित्तीय स्वास्थ्य समीक्षा करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया गया है। बोली लगाने वालों के पास ड्यू डिजिलेंस प्रोसेस के आ ?खिर में अपनी बोली प्रस्तुत नहीं करने का विकल्प है। रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल्स द्वारा जेट एयरवेज को पुनर्जीवित करने के लिए एक बिडर तलाशने का यह चौथा प्रयास है। इससे पहले, दक्षिण अमेरिकी समूह सिनर्जी ग्रुप और नई दिल्ली स्थित फ्लूडेंट एआरसी को एक संकल्प योजना प्रस्तुत करने के लिए समय दिया गया था, लेकिन वे समय सीमा को पूरा करने में विफल रहे थे।

# प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : कलेक्टर

## चेम्बर ऑफ कॉमर्स में रोजगार के लिए निःशुल्क पंजीयन शिविर

**ग्वालियर।** कोविड-19 के कारण मध्यप्रदेश के श्रमिक जो अन्य प्रदेशों में कार्यरत थे। वे अपने घरों को लौटे हैं। घर लौटे सभी प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। शासन-प्रशासन के साथ-साथ उद्योगपतियों और व्यवसाईयों को भी प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक पहल करना चाहिए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को चेम्बर ऑफ कॉमर्स में उद्योग, आधार एवं रोजगार सेतु के लिये निःशुल्क पंजीयन शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते समय यह बात कही। चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग (एमएसएमई) के सहयोग से आयोजित इस निःशुल्क शिविर में एमएसएमई के महाप्रबंधक श्री अरविंद कुमार बोहरे, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री विजय गोयल, सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष श्री प्रशांत गंगवाल, कोषाध्यक्ष श्री बसंत अग्रवाल सहित चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रोजगार सेतु ऐप लाँच किया गया है।



इस ऐप के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों का पंजीयन कराकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्वालियर में रोजगार सेतु ऐप में निःशुल्क पंजीयन के लिये चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा जो पहल की गई है वह सराहनीय है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नोवेल कोरोना वायरस के संकट की इस घड़ी में संक्रमण की रोकथाम करने के साथ-साथ लोगों के जीवन को बेहतर बनाना भी हमारी जवाबदारी है। मध्यप्रदेश के ऐसे श्रमिक जो अन्य प्रदेशों में कार्य करते थे वे अपने घरों को लौटे हैं। ग्वालियर जिले में भी बड़ी संख्या में श्रमिक आए हैं। बाहर से आए प्रवासी श्रमिक विभिन्न विधाओं के हैं। इसके साथ कुछ श्रमिक निर्माण कार्यों से जुड़े हुए हैं। सभी प्रवासी श्रमिकों का पंजीयन कराकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में शासन-प्रशासन लगा हुआ है। इस पुनीत कार्य में उद्योगपतियों, व्यापारियों का सहयोग भी अपेक्षित है। कार्यक्रम में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री विजय गोयल ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के कार्य में चेम्बर ऑफ कॉमर्स प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा। नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिये भी किए जा रहे सभी कार्यों में चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक निःशुल्क पंजीयन का कार्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स में किया जायेगा। इसके साथ ही शीघ्र ही मुरार में भी पंजीयन का कार्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स प्रारंभ करेगा। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव श्री प्रवीण अग्रवाल ने कलेक्टर को आश्वस्त किया कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से उद्योगपतियों एवं व्यापारियों से भी प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने का आग्रह किया जायेगा। इस निःशुल्क शिविर में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने पूर्वान्त अग्रवाल एवं श्री दिनेश अग्रवाल



को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन सचिव श्री प्रवीण अग्रवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष श्री बसंत अग्रवाल ने व्यक्त किया।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण



**ग्वालियर।** महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मंजूर हुई जल संरचनाओं सहित अन्य निर्माण कार्यों के माध्यम से जिले के ग्रामीण अंचल में जरूरतमंदों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। जिनमें प्रवासी श्रमिक भी शामिल हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा ने जिले की जनपद पंचायत भितरवार व घाटीगाँव की ग्राम पंचायत में चल रहे रोजगामूलक कार्यों का निरीक्षण किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायत बड़ेराभारस व चितौली में गौशाला निर्माण के लिये चयनित स्थलों का जायजा लिया। साथ ही ग्राम अमरौल में नंदन फलोद्यान, ग्राम पंचायत बन्हेरी में सामुदायिक खेल मैदान व गौशाला की बाउण्ड्रीवॉल, बरहाना ग्राम में निर्माणाधीन तालाब एवं रानीघाटी क्षेत्र में सड़क मार्ग के किनारे वृक्षारोपण के लिये की जा रही तैयारियों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने इस क्षेत्र में गौमुख के समीप बनाए जा रहे चैकडैम के निरीक्षण के दौरान पानी के बहाव को नियंत्रित करने के लिये फ्लैड कंट्रोल वॉल बनाने के लिये कहा। निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वर्मा ने श्रमिकों से चर्चा के दौरान कोविड-19 संक्रमण से बचाव के उपाय भी बताए। उन्होंने कहा सभी लोग मास्क पहनकर काम करें और सोशल डिस्टेंसिंग का भी ध्यान रखें। समय-समय पर हाथ भी धोते रहें। उन्होंने महिला श्रमिकों से राशन वितरण एवं मजदूरी भुगतान के बारे में भी जानकारी ली। महिलाओं ने कहा कि उन्हें समय से राशन व मजदूरी प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर भितरवार के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री राघवेन्द्र पाण्डेय व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अशोक शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### अंधेकत्ल का पर्दाफाश

## बेटा ही निकला मां का हत्यारा आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** ग्वालियर थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर में हुई एक महिला की निर्मम हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा ली है महिला की हत्या उसके पुत्र ने ही की थी! पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है! जानकारी के अनुसार गुरुवार को दिन में अज्ञात बदमाश द्वारा मृतिका ताराबाई उर्फ रेनू पत्नि शैलेन्द्र चौहान निवासी न्यू कृष्णा कालोनी ग्वालियर की सिर में नुकीली बस्तु से बार कर हत्या कर दी थी। फरियादिया प्रियांसी भदौरिया की रिपोर्ट पर से थाना ग्वालियर पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द हत्या का प्रकरण पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। इस सनसनीखेज हत्या के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर नवनीत भसीन ने हत्या के प्रकरण का खुलासा कर आरोपियों की तलाश कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश अति0 पुलिस अधीक्षक शहर मध्य पंकज पाण्डेय एवं नगर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नागेन्द्र सिंह



सिकरवार को दिये थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में तत्काल एक टीम का गठन किया गया जिसमें ग्वालियर थाना प्रभारी उप निरी0 बलवीर मावई एवं थाने का अन्य स्टाफ शामिल थे। टीम द्वारा सीएमपी ग्वालियर के मार्गदर्शन में सक्रिय रूप से मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाष शुरू की गई। पुलिस की एफएसएल, फिंगर प्रिंट टीम तथा पुलिस डॉग एवं घटना स्थल पर मिले भौतिक साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध मृतका के पुत्र जितेंद्र भदौरिया को अपनी गिरफ्त में लेकर पूछताछ की तो उसके द्वारा ताराबाई उर्फ रेनू चौहान की हथौड़ा, पेचकस व फनर से हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र पुत्र जयसिहं भदौरिया की निशादही पर हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा, पेचकस व फनर बरामद कर लिये है। थाना ग्वालियर पुलिस ने सीएसपी ग्वालियर के मार्गदर्शन में 24 घण्टे के अन्दर हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर अंधेकत्ल का पर्दाफाश किया। पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी से हत्या करने के संबंध में बारीकी से पूछताछ की जा रही है।

**उल्लेखनीय भूमिका :-** उक्त हत्या के आरोपी को पकड़ने में नगर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ग्वालियर उप निरीक्षक बलवीर मावई तथा अन्य थाना बल की सराहनीय भूमिका रही।

## भारत रक्षा मंच का स्थापना दिवस आज 27 जून को



(अर्पित गुप्ता)

**ग्वालियर।** राष्ट्रवादी विचारधारा का संगठन भारत रक्षा मंच आज 27 जून को दस वर्ष पूर्ण कर रहा है।इस अवसर पर स्थापना दिवस पर एक संगोष्ठी कर कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।इसकी तैयारी के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता डॉ मयंक श्रीवास्तव जी ने की।मुख्य अतिथि मनोज पांडे जी थे।स्थापना दिवस के कार्यक्रम में स्थापना समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में सर्वसम्मति से प्रदेश उपाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र गुप्ता का नाम तय किया गया।साथ ही सभी ने निर्णय लिया चीनी सामान के बहिष्कार और कोरोना वारियर्स पत्रकारों का सम्मान समारोह भी आगामी जुलाई माह में किया जाएगा।आयोजन की रूपरेखा महिला इकाई अध्यक्ष अंजू भदोरिया एवं एकात्मता शर्मा ने रखी।बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री मंदीप सिंह , संजय गुप्ता,सचिन अग्रवाल ,हेरी गुप्ता आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खेल पुरस्कार-2020 के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक मान्य होंगे

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के बहुप्रतिष्ठित खेल पुरस्कार-2020 के लिए खेल एवं युवा कल्याण द्वारा ऑनलाइन आवेदन आंमत्रित किए गए हैं। कोविड-19 संक्रमण को ध्यान में रखकर एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, लाइफ टाईम एचीव्हमेंट तथा स्व. श्री प्रभाष जोशी खेल पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2020 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। वर्ष 2020 के खेल पुरस्कारों के लिए आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन अथवा वेबसाइट पर किए जा सकते है। इसमें आवेदक की व्यक्तिगत एवं खेल उपलब्धियों की जानकारी की प्रविष्टि की जाएगी।

## 6 वर्ष पुराने मारपीट के प्रकरण का स्थाई वारंटी दबोचा

सुरजीत राजावत क्राइम ब्यूरो

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नवनीत भसीन ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य) श्री पंकज पांडेय व नगर पुलिस अधीक्षक महाराज पुरा ग्वालियर श्री रवि भदौरिया के निर्देशन में वारंटी गिरफ्तारी के अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर टी आई आलोक परिहार के नेतृत्व में पुलिस थाना हजीरा की टीम ने स्थाई गिरफ्तारी वारंटी भीकम



सेंगर उर्फ मनमोहन सिंह पुत्र दयाल सिंह सेंगर उम्र 28वर्ष निवासी न्यू कॉलोनी नंबर 2 ग्वालियर को आज दोपहर मुखबिर की सूचना पर शराब पीते बीमा अस्पताल के प्रांगण से गिरफ्तार किया । भीकम सेंगर का मान्यनीय न्यायालय श्रीमान आशुतोष यादव जे एम एफ सी न्यायालय ग्वालियर से थाना हजीरा के अपराध क्रमांक 739/ 14 धारा 294 ,323, 506, 34 आई पी सी में स्थाई वारंट जारी किया गया था ।यह न्यायालय से बेल जंप कर कई वर्षों से फरार था ।वारंटी भीकम सिंह ने अपने साथी के साथ दिनांक 24 /12 /14 को अशोक शर्मा के पेट्रोल पंप के सामने तानसेन रोड ग्वालियर में फरियादी लक्ष्मण उर्फ लाला परिहार( मिर्धा) निवासी चार शहर का नाका हजीरा को रास्ता रोककर ,अश्लील गालियां दी ,शराब पीने के लिए रुपये मांगे व नहीं देने पर मारपीट कर चोंटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी थी ।भीकम सिंह सेंगर पर शहर के अन्य थाना में भी अपराध दर्ज हैं । पुलिस थाना हजीरा की टीम - एसआई गौरव नगावत ,एसआई नरेंद्र छिकारा ,प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ,आरक्षक देशराज सिंह, जनक सिंह ,जितेन्द्र जादौन , लव कुश , बदन सिंह ,सत्येंद्र सिंह, रूपकिशोर व राजेश यादव टीम में शामिल रहे । मुख्य भूमिका एसआई गौरव नगावत, आरक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ,आरक्षक लेखराज सिंह व जितेंद्र जादौन की रही ।

### थाना पुरानी छावनी पुलिस ने महिला से साथ लूट करने वाले

## दो बदमाशो को 24 घंटों के भीतर किया गिरफ्तार

ग्वालियर। विगत दिवस मोतीझील इलाके मे दिन के समय महिला पर कट्टा अड़ा कर उससे सोने की चैन एवं कान के टॉप्स लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नवनीत भसीनए भापुसे द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षकए शहर.मध्य श्री पंकज पाण्डेय एवं नगर पुलिस अधीक्षकए महाराजपुरा श्री रवि भदौरिया को उक्त घटना मे लिप्त बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी पुरानी छावनी को निर्देशित करने के लिये आदेशित किया। नगर पुलिस अधीक्षकए महाराजपुरा रवि भदौरिया को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 25ण्06ण्2020 को मोतीझील इलाके मे महिला से लूट करने वाले बदमाशोंको शंकरपुर स्टेडियम के पीछे मोतीझील गुसेश्वर वाईपास रोड के पास देखा गया। उक्त सूचना पर से नगर पुलिस अधीक्षकए महाराजपुरा ने मय थाना प्रभारी पुरानी छावनी निरी0 राजीव गुप्ता व थाना बल के साथ मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी



कर बदमाशों को धरदबोचा। पकड़े गये बदमाशों से पूछताछ करने पर उन्होने अपने नाम अमित गुर्जर पुत्र विशाल सिह गुर्जर उम्र 20 साल निवासी जेबरा एंव ब्रजेश पुत्र भरत सिह गुर्जर उम्र 21 साल निवासी ग्राम जेबरा बताये। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि मनोज धोबी उर्फ लकी राज की प्लानिंग पर हमने लूट की घटना की थी। लूट मे इस्तेमाल की गई मोटर साईकिल स्पलैन्डर प्रो डच07डग4610 एंव 315 बोर का कट्टा मय जिन्दा कारतूसएशकुन्तला राय से लूटी गई सोने की चैन और कान का टॉप्स कीमती 80 हजार रुपएको बदमाशों कब्जे से बरामद कर लिया गया है । इस घटना की प्लानिंग करने वाले आरोपी मनोज धोबी उर्फ लकी राज की तलाश जारी है। बदमाशों ने यह भी बताया कि लकी राज कुछ समय पूर्व फरियादिया शकुन्तला राय के लडके चमन उर्फ अनुराग राय की कबाडे के व्यापार मे काम पर रखा था जो चोरी बेईमानी करने पर निकाल दिया गया था । इसी रंजिश की बजह से लकी राज द्वारा अपने दोस्तो अमित उर्फ ब्रजेश उर्फ बिज्जे गुर्जर के साथ मिलकर ये वारदात घटित की है । लूट की सनसनी खेज वारदात का खुलासा कर आरोपियो को 24 घन्टे मे गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त करने पर पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन द्वारा कार्यवाही करने वाली टीम को 10 हजार रुपये के पुरुस्कार की घोषणा की है । गिरफ्तार बदमाशोंके विरूद्ध थाना पुरानी छावनी मे अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर उनसे फरार साथी के संबंध मे पूछताछ की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 25ण्06ण्2020 के दोपहर 03रू25 बजे मोतीझील इलाके मे कुछ हथियारबंद बदमाशोंद्वारा शकुंतला पत्नि स्व0 श्री मथुरा प्रसाद राय के घर मे घुसकर उसके साथ लूटपाट की घटना का अंजाम दिया था। पुलिस द्वारा बदमाशोंके संबंध मे पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त दोनों बदमाश विगत कई दिनों से महिला के बेटे की दुकान पर कबाड़ा बेचने आ रहे थे। घटना वाले दिन जब महिला का बेटा बैंक गया हुआ था तब उक्त दोनो बदमाषों द्वारा घर मे अकेली महिला के सिर पर कट्टा अड़ाकर उसके साथ लूटपाट कर ली। पुलिस तस्दीक मे सीसीटीवी फुटेज देखने पर काली.सफेद रंग की धारी वाली शर्टए नीले रंग का पेंट और सफेद रंग की टीशर्टए जींस पहने दो बदमाश घर की ओर आते दिखे थे। दोनों बदमाशोंसे पुलिस द्वारा जिलें मे हुई अन्य लूट की घटनाओं के संबंध मे भी पूछताछ की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं ... इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन./31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478